

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 5 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 5- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 59 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 भारतीय क्रिकेट में बदलाव की मांग उचित

मैंने उनके 8 नाइट स्टैंड से थककर इंडस्ट्री छोड़ी 6







सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा-

# झारखंडियों के असल मुद्दे पर मौन है भाजपा



**मेट्रो रेज**

**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर कर कहा है कि भाजपा अब अपनी घिसी पिटी नफरती हिंदू-मुसलमान-पाकिस्तान-बांग्लादेश-मटन-मछली पर आ गयी है। पर हम झारखंडियों के असल मुद्दों पर वो मौन है। उन्होंने आगे लिखा कि 2019-2024 के दौरान झारखंड विरोधियों ने अबुआ सरकार को विभिन्न तरीकों से परेशान कर कार्यों को बाधित किया, फिर भी झारखंडी जनता के संकल्प से हम लगातार अपना काम करते रहें।

झारखंड जल, जंगल, जमीन की लड़ाई से निकला राज्यः सीएम ने आगे लिखा है कि झारखंड जल, जंगल, जमीन की लड़ाई से निकला राज्य है। इसी जल, जंगल, जमीन पर भाजपा की नजर है। मोदी सरकार और रघुवर सरकार ने लगातार इसे लूटने की कोशिश की, जिसका हम सभी झारखंडियों ने जी-जान लगाकर विरोध किया।

सभी झारखंडी एक और नेक हैंः झारखंड की हिम्मत पलामू से लेकर मनोरम मनोहरपुर, सिमडेगा, सिसई से लेकर हटिया तक आम जनों का रूख इंडिया ब्लॉक की तरफ साफ है। एक और बात साफ है कि सभी झारखंडी एक हैं, नेक हैं। अगले पांच साल हम और द्रुत गति से विकास के सभी कार्यों को पूरा करेंगे।

## चुनाव ड्यूटी में आये एसएसबी जवान ने सर्विस रायफल से खुद को मारी गोली, मौत



**लोहरदगाः** झारखंड विधानसभा चुनाव ड्यूटी में आये एसएसबी के जवान ने मंगलवार की सुबह सर्विस रायफल से गोली मारकर की आत्महत्या कर ली है। यह घटना लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय स्थित कैंप में हुई है । जहां कर्नाटक से विधानसभा चुनाव ड्यूटी करने आये एसएसबी जवान ने खुद के इंसास रायफल से गोली मार ली । घटना की सूचना मिलते ही एसएसबी के अधिकारी व जिले के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गये हैं । मृतक की पहचान कर्नाटक राज्य निवासी अनप्पा दुग्गल के रूप में हुई है । घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अनप्पा दुग्गल अहले सुबह चार बजे तक गार्ड ड्यूटी करने के बाद दूसरे तल्ला के बाथरूम में गया और 4.30 बजे के करीब अपने इंसास रायफल से जबड़ा में गोली मारकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है ।

लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर सलमान खान को फिर मिली धमकी

## जिंदा रहना है तो हमारे मंदिर में जाकर मांगे माफी



**मुंबई :** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और एक्टर सलमान खान लगातार चर्चाओं में हैं। कुछ समय पहले एक युवक ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर सलमान को धमकी दी थी। साथ ही उसने पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। इस युवक को पुलिस ने जमशेदपुर से गिरफ्तार किया था।

वहीं, अब एक बार फिर से अभिनेता सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी मिली है। मुंबई पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से एक धमकी भरा मैसेज मिला है, जिसमें लिखा है, यह लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। अगर सलमान खान को जिंदा रहना है तो उसे हमारे मंदिर में जाकर माफी मांगनी चाहिए या 5 करोड़ रुपए देने चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो हम उसे मार देंगे। हमारा गिरोह अभी भी सक्रिय है।मुंबई पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और व्यक्ति की तलाश जारी है।

अमेरिका में वोटिंग शुरू

## हैरिस या ट्रंप, आज फैसला करेंगे मतदाता



**एजेंसी/वाशिंगटनः** अमरीका में राष्ट्रपति चुनाव कांटे की टक्कर का हो गया है। आज राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो गयी है। लेकिन नतीजों की घोषणा में कई दिन लग सकते हैं। हालांकि यह तय है कि नया राष्ट्रपति जनवरी, 2025 में पद की शपथ लेगा। चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस का मुकाबला रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से है। ट्रंप पहले भी राष्ट्रपति रह चुके हैं। इन दोनों उम्मीदवारों में जो भी जीतेगा, वह अमरीका का 47वां राष्ट्रपति बनेगा। बड़ी बात यह है कि दोनों के लिए व्हाइट हाउस का रास्ता आसान नहीं है।

अमरीका में राष्ट्रपति चुनाव काफी दिलचस्प रहता है। ऐसा इसलिए कि जीत का रास्ता स्विंग स्टेट्स तय करती हैं, क्योंकि यह वे राज्य हैं जहां न तो रिपब्लिकन और न ही डेमोक्रेट का बोलबाला है। यानी कि जो भी पार्टी यहां से जीत जाती है, वह व्हाइट हाउस पहुंच जाती है। यहां सात स्विंग स्टेट्स हैं, जिसमें पेंसिल्वेनिया, जार्जिया, मिशिगन, एरिजोना, नॉर्थ कैरोलिना, नेवादा और विस्कॉन्सिन। ट्रंप को पेंसिल्वेनिया, जार्जिया और एरिजोना में बढ़त मिल रही है, जबकि कमला हैरिस को मिशिगन, नेवादा और विस्कॉन्सिन में बढ़त है, जबकि एक स्टेट में कांटे की टक्कर है। यही वजह है कि स्विंग स्टेट्स से व्हाइट हाउस का रास्ता तय होता है। दूसरी ओर रेड और ब्लू स्टेट्स हैं, जिसमें रेड स्टेट्स में रिपब्लिकन पार्टी का वर्चस्व है, यहां वर्ष 1980 से रिपब्लिकन पार्टी को ही बढ़त मिलती आ रही है। उधर, ब्लू स्टेट्स में डेमोक्रेट पार्टी का बोलबाला है। यहां 1992 से डेमोक्रेट पार्टी के ही नेता जती रहे हैं। यानी कि रेड और ब्लू स्टेट्स में एक डेमोक्रेट और एक में रिपब्लिकन पार्टी का वर्चस्व है, जबकि स्विंग (पर्पल) स्टेट्स में कांटे की टक्कर है।




## अवैध खनन मामला : झारखंड, बिहार, बंगाल में 17 ठिकानों पर सीबीआई का छापा, 30 लाख जब्त

**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध खनन मामले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में 17 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें झारखंड के 3 जिले शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के यहां रेड मारी है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जाते हैं।

सीबीआई ने छापेमारी के दौरान अलग-अलग जगहों से 30 लाख रुपए जब्त किये है। टीम झारखंड के साहिबगंज, पाकुड़, राजमहल, कोलकाता और पटना में छापेमारी कर रही है।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में छाई जहरीली हवा


## एक्यूआई 400 के पार, सांस लेना हुआ मुश्किल



**नई दिल्लीः** दीपावली के बाद से ही राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की हवा जहरीली बनी हुई है। यहां विगत कई दिनों से वायु प्रदूषण की स्थिति खराब श्रेणी में बनी हुई है। मंगलवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 384 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में मंगलवार सुबह 7:15 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 384 बना हुआ है। जबकि दिल्ली एनसीआर के फरीदाबाद में 273, गुरुग्राम में 118, गाजियाबाद में 320, ग्रेटर नोएडा में 304, नोएडा में 309 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा दिल्ली के 14 इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 से ऊपर बना हुआ है, जिसमें आनंद विहार में 457, अशोक विहार में 418, बवाना में 414, द्वारका सेक्टर 8 में 404, जहांगीरपुरी में 440, मुंडका में 416, नेहरू नगर में 409, मोती बाग में 414, एनएसआईटी द्वारका में 428, पंजाबी बाग में 402, रोहिणी में 401, सोनिया विहार में 404, विवेक विहार में 424, वजीरपुर में 436 एक्यूआई रहा। राजधानी दिल्ली के अन्य 23 इलाकों में मंगलवार को एक्यूआई 300 से 400 के बीच में बना हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# हर प्राइवेट प्रॉपर्टी पर सरकार का अधिकार नहीं



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने निजी संपत्ति विवाद में बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सभी निजी संपत्ति समुदाय के भौतिक संसाधन नहीं। कुछ निजी संपत्ति समुदाय के भौतिक संसाधन हो सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बड़ी बेंच ने अपने अहम फैसले में कहा कि सरकार सभी निजी संपत्तियों का इस्तेमाल नहीं कर सकती, जब तक कि सार्वजनिक हित ना जुड़ रहे हों।

कोर्ट ने बहुमत से जस्टिस कृष्णा अय्यर के पिछले फैसले को भी खारिज कर दिया है। जस्टिस अय्यर के पिछले फैसले में कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि पुराना शासन एक विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने साल 1978 के बाद के उन फैसलों को पलट दिया जिसमें समाजवादी थीम को अपनाया गया था और फैसला सुनाया गया था कि राज्य आम भलाई के लिए सभी निजी संपत्तियों को अपने अधीन कर सकते हैं।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ फैसले इस मामले गलत हैं कि व्यक्ति के सभी निजी संसाधन समुदाय के भौतिक संसाधन हैं। कोर्ट की भूमिका आर्थिक नीति निर्धारित करना नहीं, बल्कि आर्थिक लोकतंत्र स्थापित करने की सुविधा प्रदान करना है। इसलिए सरकारों द्वारा इन पर कब्जा नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला रद्द यूपी मदरसा एक्ट को मिली मान्यता

नई दिल्लीः मदरसा एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। एससी ने इलाहबाद हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया है और मदरसा एक्ट को मान्यता दे दी है। शीर्ष अदालत ने 22 अक्टूबर को इन मामलों में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मई में अधिनियम को असंवैधानिक घोषित करने के उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी थी। मदरसा/मदरसा उन संस्थानों को संदर्भित करता है जहां छात्रों द्वारा इस्लामी अध्ययन और अन्य शिक्षा प्राप्त की जा सकती है।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 ने मदरसा-शिक्षा को अरबी, उर्दू, फारसी, इस्लामी-अध्ययन, दर्शन और सीखने की अन्य शाखाओं में शिक्षा के रूप में परिभाषित किया था जैसा कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता है। 2004 अधिनियम का घोषित उद्देश्य मदरसों के कामकाज की निगरानी करके मदरसा शिक्षा बोर्ड को सशक्त बनाना था। इस अधिनियम को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। यह भी तर्क दिया गया कि यह 14 वर्ष की आयु/कक्षा-आठवीं तक गुणवत्तापूर्ण अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने में विफल है, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 ए के तहत अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाना आवश्यक है।

हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से सहमति व्यक्त की थी और माना था कि राज्य के पास स्कूल स्तर पर प्रदान की जाने वाली शिक्षा के संबंध में कानून बनाने की पर्याप्त शक्ति है लेकिन ऐसी शिक्षा प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष होनी चाहिए। राज्य के पास धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड बनाने या केवल किसी विशेष धर्म और उससे जुड़े दर्शन के लिए स्कूली शिक्षा के लिए बोर्ड स्थापित करने की कोई शक्ति नहीं है। राज्य की ओर से ऐसी कोई भी कार्वाई धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है, जो पत्र में है और यह भारत के संविधान की भावना का भी उल्लंघन करता है, जो राज्य द्वारा प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान व्यवहार का प्रावधान करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड से चुनावी दौरे का आगाज करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**रांची :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के साथ ही झारखंड व महाराष्ट्र में भी काफी डिमांड है। सीएम योगी मंगलवार से चुनावी दौरे पर उतरेंगे। पहले दिन वे झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। सीएम योगी की पहली जनसभा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी के लिए होगी। वे यहां तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। तीसरी जनसभा में सीएम योगी चार प्रत्याशियों के लिए एक साथ वोट मांगेंगे।

सीएम योगी की कोडरमा में होगी पहली जनसभाः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा मंगलवार को कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा उम्मीदवार डॉ. नीरा यादव के पक्ष में सीएम योगी चंद्रावती स्कूल ग्राउंड, डोमचांच में वोट मांगेंगे। सीएम योगी की दूसरी जनसभा बरकागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार के लिए होगी। भाजपा ने यहां से रोशन लाल चौधरी को टिकट दिया है।

सीएम योगी की तीसरी जनसभा आमबागान ग्राउंड जमशेदपुर में होगी। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू, जमेशदपुर पश्चिमी से प्रत्याशी सरयू रॉय, पोटका से उम्मीदवार मीरा मुंडा और जुगसलाई से उम्मीदवार रामचंद्र सहिस के पक्ष में वोट मांगकर कमल पर बटन दबाने की अपील करेंगे।

### गोड़ाडीह में कांग्रेस पार्टी कार्यालय का उद्घाटन



**सिल्लीः** झामुमो नेता राधिका महतो ने गोड़ाडीह में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा झारखंड गठन के बाद सबसे अधिक दिनों भाजपा और आजसू सत्ता में रहा किया कुछ भी नही, अब जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी गठबंधन सरकार जमीनी स्तर पर काम कर रही है हर वर्ग के लोगों सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो भाजपा आजसू के लोगों का पेट में दर्द होने लगा है। महतो ने कहा आजसू सुप्रीमो का विकास केवल कागजों में है महिलाओं को वोट तक ही सीमित रखा और हेमंत सरकार ने महिलाओं को योजना लाकर सम्मान देने का काम किया है। मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आदिवासी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**सिल्ली :** आदिवासी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहे प्रखंड के लोवाहातु और नावाडीह पंचायत के ईचाहातु नावाडीह, नुरु, कोटांगदाग, ठुंगरुडीह, लोवाहातु गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया और जनता से पार्टी प्रत्याशी अनिल सिंह मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### सीसीएल कई कॉपोर्रेट अवाड्र्स से सम्मानित

**रांचीः** कोल इंडिया लिमिटेड/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोल इंडिया में आयोजित समारोह में सीसीएल को हाईएस्ट डिपार्टमेंटल कैपेसिटी यूटीलाइजेशन, एम्पलॉई वेलफेयर, सीएसआर एवं क्लीनलीनेस ऑफ कॉलोनी मेंटेनेंस एवं सीएसआर एक्सपेंडिचर में द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा व्यक्तिगत केटेगरी में विजिलेंस एक्सीलेंस अवार्ड श्री बिमल कुमार को, इंडिविजुअल एक्सीलेंस अवार्ड एसके सिंह को, बेस्ट एचओडी का अवार्ड अजय सिंह को एवं बेस्ट एरिया जीएम अजय सिंह को दिया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार जी किशन रेड्डी; सचिव, कोयला मंत्रालय, विक्रम देव दत्त; अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, रूपिंदर बरार; अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, विस्मिता तेज; कोल इंडिया के अध्यक्ष, पीएम प्रसाद; निदेशक (पीएंडआईआर), विनय रंजन; निदेशक (व्यवसाय विकास), देबाशीष नंदा; निदेशक (विपणन), मुकेश चौधरी, निदेशक (वित्त), मुकेश अग्रवाल; मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह एवं विभिन्न कंपनियों के सीएमडी सहित कोल इंडिया तथा सीसीएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### दारीसोल व जामशोला चेक पोस्ट पर वाहन जांच के क्रम में मिले 2 लाख 61 हजार 500 रुपये

जमशेदपुरः विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे वाहन जांच के दौरान बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के दारीसोल चेकनाका से 1 लाख 68 हजार 200 रुपये तथा जामशोला चेक पोस्ट से 93 हजार 300 रुपये जब्त किये गये। पुलिस और एसएसटी का संयुक्त चेकिंग अभियानः दारीसोल चेकपोस्ट पर विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और एसएसटी का संयुक्त चेकिंग अभियान जारी है। इसके तहत जांच टीम में शामिल मजिस्ट्रेट अभिजीत बेरा ने पश्चिम बंगाल के रामकृष्णापुर निवासी शांतनु सरकार की कार से 1 लाख 68 हजार 200 रुपये जब्त किये। दूसरी ओर जामसोला चेक पोस्ट में मजिस्ट्रेट अनुपम साहू और उनकी टीम द्वारा गाड़ियों की जांच के क्रम में ओडिशा निवासी से 93300 रुपये बरामद किया गया। सही जानकारी नहीं देने पर रुपये को जब्त कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। प्रवेश मार्गों पर गहन चेकिंग अभियानः बरसोल थाना प्रभारी चंदन कुमार यादव और बहरागोड़ा थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रवेश मार्गों पर गहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी वाहन को बिना तलाशी लिए सीमा क्षेत्र में प्रवेश की इजाजत नहीं दी जा रही है।

### डुमरिया बाजार में शत प्रतिशत मतदान के लिए वोटरों को किया जागरूक

**जमशेदपुरः** डुमरिया बाजार में सोमवार को मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर बैठक की गई। बैठक के उपरांत मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर लोगों से शत प्रतिशत मतदान का आग्रह किया गया।मतदाता बूथों पर जाकर अपनी सरकार चुनेंः बैठक में विद्यार्थी परिषद के सह संयोजक सिद्धार्थ बागी ने शत प्रतिशत मतदान के लिए अपने छात्र साथियों से हर घर जाकर जागरुकता अभियान चलाने का आग्रह किया।

## जनजातियों को यूसीसी से बाहर रखने के बीजेपी के वादे पर बोले मरांडी

# आदिवासियों की घटती आबादी चिंता का विषय

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड भाजपा प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि वह पार्टी के राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के वादे का समर्थन करते हैं। उन्होंने आदिवासी समुदाय को इसके दायरे से बाहर रखने के फैसले पर भी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि यह इसलिए जरूरती है, क्योंकि आदिवासी समुदाय की घटती जनसंख्या चिंता का विषय है।

मरांडी ने एएनआई के साथ बातचीत में कहा, आदिवासी समुदाय को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा, क्योंकि झारखंड में उनकी जनसंख्या लगातार घट रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की आजादी के बाद से झारखंड में आदिवासी जनसंख्या में दस फीसदी की कमी आई है।

उन्होंने कहा, अगर हम विशेष रूप से संथाल परगना की बात करें, तो कमी 16 फीसदी तक पहुंच जाती है, जो चिंता का विषय है। जबकि बाकी जनसंख्या बढ़ रही है। आदिवासियों की संख्या घट रही है। जिससे सभी के लिए यह चिंता का विषय बन गया है। आदिवासियों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा गया है, ताकि उनके समुदाय को संरक्षित किया जा सके। मरांडी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ गढ़वा में एक रैली में भाग लिया।



मरांडी ने कहा, प्रधानमंत्री ने झारखंड में चुनाव अभियान की शुरूआत गढ़वा से की। उन्होंने झारखंड के लिए भाजपा के घोषणापत्र के मुद्दों पर बात की और बताया कि राज्य सरकार ने पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं को रोका है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में खनिजों की लूट के मामलों पर भी चर्चा की गई और यह बताया कि कैसे सत्ता में बैठे लोग इसमें शामिल हैं। युवाओं का स्पष्ट समर्थन था, क्योंकि उन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री उनके पक्ष में बात कर रहे है और उनका उत्साह दिखाई दे रहा था।

बाबूलाल मरांडी ने कहा, जब (मुख्यमंत्री) हेमंत सोरेन ने यूसीसी के खिलाफ बयान दिया कि यूसीसी नहीं चलेगा और हमारे पास सीएनटी और एसपीटी अधिनियम हैं। सीएनटी और एसपीटी अधिनियम मौजूद हैं। लेकिन फिर भी जमीन के दलाल आदिवासियों की जमीन को कोलकाता में बने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके बेच रहे हैं। ये दलाल हेमंत सरकार के संरक्षण में हैं। जब लोग शिकायत करने जाते हैं, तो कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं होता, जिससे लोग निराश हैं। भाजपा ने आश्वासन दिया है कि जब वह सत्ता में आएगी तो कानूनों को सख्ती से लागू किया जाएगा और जमीन के दलालों और धोखाधड़ी में शामिल लोगों की एक-एक पहचान की जाएगी और उन्हें जेल भेजा जाएगा।

# मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित करें एएमएफ : डीडीसी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरजा शंकर प्रसाद ने मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ)की प्रगति का समीक्षा किया। बैठक में संबंधित सभी तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने क्रमवार सभी प्रखंडों में उपलब्ध मतदान केंद्रों में एएमएफ को लेकर किए जा रहें कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता को ससमय कार्यों को पूरा करने को कहा। कहा कि *मतदान केंद्रों पर रैंप की मरम्मती, शौचालय की साफ सफाई, बिजली/ मोबाइल चार्जिंग पॉवाइंट की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, फर्नीचर की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने को कहा। आगे, समीक्षा क्रम में कहां कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशर्नानुसार सभी मतदान केंद्रों पर वेब-कास्टिंग की जानी है। इसको लेकर सभी केंद्रों पर इंटरनेट की अच्छी व्यवस्था रहनी है। उन्होंने टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिन मतदान केंद्रों पर मोबाइल कनेक्टिविटी एवं इंटरनेट की समस्या है। उसे अविलंब दूर करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। टेलीकॉम कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि वह इस दिशा में काम कर रहे हैं, ससमय सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, पोस्टल डिपार्टमेंट से पहुंचे प्रतिनिधि को 15 नवंबर 24 तक उपलब्ध सभी मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपिक) का वितरण मतदाताओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहार, नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे, यूआईडी डीपीएम शैलेंद्र मिश्रा व अन्य उपस्थित थे।

# त्रिवेणी महथा के नेतृत्व में बोकारो विस के सैकड़ों युवा भाजपा में हुए शामिल



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों युवा कॉंग्रेस व वर्तमान हेमंत सरकार की गलत नीतियों और विधायक के निराशाजनक कार्यों से तंग आकर भाजपा में शामिल हुए। बोकारो विधायक सह भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें भाजपा परिवार में पट्टा पहनाकर जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर पर स्थानीय युवाओं ने अपने लोकप्रिय प्रत्याशी बिरंची नारायण को ढोल बाजे ताशे के साथ स्वागत किया।बिरंची नारायण ने कहा यह एकजुटता ही बदलाव का संकेत है। हम सभी मिलकर बोकारो विधानसभा में विकास के नए रास्ते पर चलेंगे। भाजपा हमेशा विकास और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है, और हम इस विश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे कि सभी के सहयोग से हमारी योजनाएँ धरातल पर उतरेंगी।कॉंग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वालों में त्रिवेणी महथा सहित सैकड़ों युवा शामिल हैं। यह संख्या दशार्ती है कि स्थानीय जनसमुदाय अब बदलाव की ओर अग्रसर है और वे भाजपा के साथ मिलकर एक नई शुरूआत करने के लिए तैयार हैं भाजपा, बोकारो विधानसभा में विकास की नई दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और हम इस दिशा में सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर संजय त्यागी, विधानसभा संयोजक कमलेश राय,मुकेश राय,विक्की राय,सुनील मोहन ठाकुर,ब्रज दुबे मौजूद थे।

# स्टेटिक सर्विलांस टीम सभी वाहनों की करें जांच



बोकारो : विधानसभा आम चुनाव 2024 की तिथियां घोषित होने के साथ ही जिले के विभिन्न चौक झ चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे झ बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने विधि व्यवस्था समेत निर्वाचन को देखते हुए जिले के सीमावर्ती पेटरवार थाना अंतर्गत फारेस्ट गेस्ट हाउस समीप एसएसटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। कहा कि छोटे - बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। स्वयं जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने कई छोटे - बड़े - लक्जरी वाहनों की जांच की। वाहनों के डैस बोर्ड/डिक्की आदि को देखा। इसके अलावा विधि व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को भी जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

### पतराहातु में बदलाव महासभा को लेकर रैली

**मुरी :** पतराहातु हाई स्कूल मैदान में टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में सिल्ली मे एक नये बदलाव के लिए बदलाव महासभा के लिए रैली किया गया जिसमें आए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी देवेन्द्र महतो का चुनावी दौरा सिल्ली के गेडेवीर से शुरू हो कर सिल्ली पतराहातु स्कूल मैदान में सभा के रूप में परिणत हुआ। सबसे पहले गेडेवीर चौक पर दिलीप बेदिया, सिंगपुर चौक पर बिष्णु चरण महतो, झारखंड मोड़ पर निर्मल महतो और बन्ता चौक पर बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो, प्रत्याशी देवेन्द्र महतो ने माल्यार्पण कर किया और उपस्थित जनता से देवेन्द्र महतो के पक्ष में कैंची छाप में वोट देने की अपील की है।पतराहातु के मैदान में जयराम महतो ने कहा कि मान सम्मान और अधिकार के लिए देवेन्द्र महतो को भारी मतों से जीत दर्ज करने की आहवान किया है।पुरे आयोजन में विशाल जन समर्थन गेडेवीर से पतराहातु मैदान तक जुलूस के साथ पहुंचे।

### सैकड़ो समर्थकों के साथ मसकुर आलम ने थामा कांग्रेस का दामन



**बोकारो :** निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले मसकुर आलम सिद्दीकी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है। सिद्दीकी ने कहा कि झारखंड का विकास सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबन्धन के नेतृत्व में ही हो सकता है और पार्टी ने जनप्रिय उम्मीदवार के रूप में श्वेता सिंह जैसी स्वच्छ छवि की नारी को टिकट दिया है जिससे प्रभावित होकर इस पार्टी के सदस्य के रूप में जन सेवा करूंगा।इस अवसर पर इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने कांग्रेस का पट्टा ओढ़ाकर उनका पार्टी में स्वागत किया और कहा कि बोकारो विधानसभा का विकाश ही हमारा मुख्य उद्देश्य है जिसे बिना भाई चारे के सार्थक नहीं किया जा सकता है आज जरूरत है कि हम सभी बोकारो परिवार के लोग एक होकर विकाश के प्रति सजग होकर इंडिया गठबन्धन को पुनः राज्य में सरकार के रूप से स्थापित करना होगा।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्तार अंसारी,खालिद खान, नुमान अंसारी,अब्दुल मन्नान,अली असगर,आलम अंसारी,मुर्शीद,मो एहसान,अब्दुल मुनाफ रजा उपस्थित रहे।

### बोलेरो ने चार लोगों को रौंदा, मौत

**रामगढ़ :** गोला थाना क्षेत्र के पिपराजारा में सोमवार देर रात एक बोलेरो वाहन ने चार लोगों को रौंद डाला। इस हादसे में तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि एक व्यक्ति की मौत रिम्स ले जाने के दौरान हुई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। इधर ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर गोला-रजरप्पा सड़क को जाम कर दी है। सड़क जाम की सूचना पाकर गोला थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर, बीडीओ सीओ और रजरप्पा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे हैं और लोगों को समझाने बुझाने में जुटे हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोहराय पर्व को लेकर लोग इकट्ठा हुए थे और नाच-गाना कर रहे थे। इसी दौरान गोला से रजरप्पा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि एक व्यक्ति की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई।

# उत्पाद विभाग ने मिनी अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का किया उद्भेदन





### दुग्दा थाना अंतर्गत बुढ़ीदीह क्षेत्र का मामला, संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग दर्ज

**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्ग दर्शन में विधानसभा चुनाव के आलोक में जिला उत्पाद बल के सहयोग से दुग्दा थाना अंतर्गत बुढ़ीदीह क्षेत्र में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जहां भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामाग्री एवं तैयार शराब बरामद किया गया। मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल,अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास उपस्थित थे। मौके से टीम ने कुल 05 लाख 08 हजार 470 रुपए मूल्य का सामान जब्त किया है। जिसमें विदेशी शराब- 6 पेटी में 72 पीस कुल 54 लीटर, शुष्व पांच जरकीन में 225 लीटर, तैयार विदेशी शराब- 10 जरकीन में 450 लीटर, ब्लैक टाइगर व्हिस्की के लेबल का एक रोल, 111 व्हिस्की के लेबल का एक रोल, नंबर एक व्हिस्की, बी सेवन व्हिस्की, आर सी व्हिस्की एवं आइकोनिग वाइट व्हिस्की का लेबल का बंडल, झारखंड सरकार का नकली ईएएल, विभिन्न ब्रांड के ढ़क्कन, खाली बोतल एवं पेट बोतल इत्यादि शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीता सोरेन की उम्र पर कांग्रेस की आपत्ति, कहा ,छह वर्ष कैसे बढ़ी उम्र



**रांची/जामताड़ाः**झारखंड विधानसभा चुनाव में उम्र विवाद का मामला एक बार फिर चर्चा में है। इस बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामताड़ा से बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन की उम्र को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है। जामताड़ा विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार डॉ इरफान अंसारी के चुनाव एजेंट अजहरुद्दीन ने निर्वाचि पदाधिकारी को एक आपत्ति पत्र सौंपा है। इस पत्र में बताया गया है कि सीता मुर्मू सोरेन जो 2019 में जामा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी थीं और 2024 में जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी हैं, उनके दोनों चुनावी हलफनामों में उनकी उम्र में छह वर्ष का अंतर दर्ज है। यह अंतर संदेह को जन्म देता है कि दी गयी जानकारी की प्रामाणिकता में असंगतियां हो सकती हैं। अजहरुद्दीन ने निर्वाचि पदाधिकारी से मामले की गहन जांच करने का आग्रह किया है। उन्होंने अनुरोध किया कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है, तो भाजपा उम्मीदवार सीता मुर्मू सोरेन का नामांकन रद्द कर दिया जाये। उन्होंने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। उपायुक्त जामताड़ा और आब्जर्वर को भी मामले से अवगत करा दिया गया है।

### शिक्षण संस्थान और अस्पताल में रांची पुलिस की छापेमारी

**रांची :** रांची पुलिस की टीम मंगलवार की सुबह से शिक्षण संस्थान और अस्पताल में छापेमारी कर रही है। पुलिस की टीम नामकुम थाना क्षेत्र स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी, कलावती अस्पताल और इस संस्थान के संचालक के आवास पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, रांची पुलिस ने रुपया रखे जाने की सूचना पर यह छापेमारी की है। हालांकि छापेमारी के दौरान क्या-क्या बरामद हुआ है, अब तक इसकी आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आ पायी है। गौरतलब है कि इससे पहले रांची पुलिस ने एक शिक्षण संस्थान में छापेमारी कर एक करोड़ से अधिक रुपये बरामद किये थे।

### ईसी के निर्देश के बाद अंबर लकड़ा बनाये गये देवघर के एसपी



**रांची :** चुनाव आयोग के निर्देश के बाद जैप तीन गोविंदपुर धनबाद कमांडेंट के पद पर पदस्थापित अंबर लकड़ा को देवघर का एसपी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की सुबह गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी कर दी है। गौरतलब है कि 29 अक्तूबर को इलेक्शन कमीशन ने अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर एसपी के पद से हटाने का आदेश दिया था। लेकिन राज्य सरकार ने चुनाव आयोग के आदेश का अनुपालन नहीं किया था। आदेश के तीन दिन बाद भी गृह विभाग ने अधिकारियों का पैनल चुनाव आयोग को नहीं भेजा। उधर डुंगडुंग भी देवघर एसपी के पद पर बने हुए थे। इसी के मद्देनजर इलेक्शन कमीशन ने रविवार को राज्य सरकार को रिमाइंडर भेजा था। जिसके बाद देवघर एसपी के लिए सोमवार को अंबर लकड़ा, सरोजिनी लकड़ा और मनीष टोप्पो के नाम का पैनल आयोग को भेजा गया था।

### भाजपा ने चार बागी नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित



**रांचीः** प्रदेश भाजपा ने बागी नेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार चार बागी नेताओं को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इसमें शिवशंकर सिंह, राजकुमार सिंह, विकास सिंह और विमल बैठा का नाम शामिल हैं। इन नेताओं को पार्टी लाइन से अलग हटकर निर्दलीय चुनाव लड़ने के कारण बाहर का रास्ता दिखाया गया है। भाजपा ने यह भी स्पष्ट किया है कि पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं के लिए संगठन में कोई जगह नहीं है। सभी नेता जमशेदपुर से हैं।

### नशे में धुत ड्राइवर ने दुकान में घुसाया ट्रक, कोई हानि नहीं



**रांचीः** नशे में धुत ट्रक ड्राइवर ने एक दुकान को रौंदते हुए गाड़ी घर में घुसा दिया। यह घटना सोमवार देर रात साढ़े नौ बजे रातू थाना क्षेत्र स्थित हुरहुरी गुटुवाटोली गांव में हुई है, जहां 12 चक्का ट्रक (जेएच 02एएन3755) ने एक दुकान और मिट्टी के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में घर का किचन और उसमें रखे सारे सामान (गैस चूल्हा, चावल, आटा, फ्रिज आदि) भी पूरी तरह से बर्बाद हो गये। गृह स्वामी सोमरा उरांव का कहना है कि ड्राइवर और खलासी दोनों नशे में थे। गाड़ी की रफ्तार भी काफी तेज थी। वहीं इस घटना में सोमा उरांव का दुकान भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### छठ पूजा : सूर्य को अर्घ्य और छठी मईया का महत्व

**मनोज पांडेय**

सूर्यषष्ठी पूजा देश-विदेश के उन भागों में भी हो गया है, जहां बिहार-झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग जाकर बस गए हैं। इसके बावजूद, देश की बहुत बड़ी आबादी इस पूजा की मौलिक बातों से अनजान है। इतना ही नहीं, जिन लोगों के घर में यह व्रत होता है, उनके मन में भी इसे लेकर कई सवाल उठते हैं।

छठ या सूर्यषष्ठी व्रत में किन देवी-देवताओं की पूजा की जाती है?

इस व्रत में सूर्य देवता की पूजा की जाती है, जो प्रत्यक्ष दिखते हैं और सभी प्राणियों के जीवन के आधार हैं... सूर्य के साथ-साथ षष्ठी देवी या छठ मैया की भी पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, षष्ठी माता संतानों की रक्षा करती हैं और उन्हें स्वस्थ और दीघार्यु बनाती हैं। इस अवसर पर सूर्यदेव की पत्नी उषा और प्रत्युषा को भी अर्घ्य देकर प्रसन्न किया जाता है। छठ व्रत में सूर्यदेव और षष्ठी देवी दोनों की पूजा साथ-साथ की जाती है। इस तरह ये पूजा अपने-आप में बेहद खास है।

षष्ठी देवी को ब्रह्मा की मानसपुत्री भी कहा गया है। पुराणों में इन देवी का एक नाम कात्यायनी भी है। इनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी तिथि को होती है। षष्ठी देवी को ही स्थानीय बोली में छठ मैया कहा गया है, जो निःसंतानों को संतान देती हैं और सभी बालकों की रक्षा करती हैं।

सूर्य की पूजा में उन्हें जल से अर्घ्य देने का विधान है। पवित्र नदियों के जल से सूर्य को अर्घ्य देने और स्नान करने का विशेष महत्व है।

छठ में नदी-तालाबों पर भीड़ बहुत बढ़ जाती है। भीड़ से बचते हुए व्रत करने का क्या तरीका हो सकता है?

# कद्दू भात के साथ आज से चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू



सीएम सोरेन की उड़ान में देरी से झामुमो नाराज

## राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र लिखकर की हस्तक्षेप की मांग

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** झारखंड में होने वाले चुनाव को लेकर राज्य की सियासत में घमासन जारी है। वहीं सत्तारूढ़ झामुमो ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की। बता दें कि पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को डेढ़ घंटे तक उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी गई।

**झामुमो ने राष्ट्रपति को लिखा पत्रः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उड़ान में देरी को लेकर झामुमो ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा। पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गढ़वा और चाईबासा दौरे के कारण नो-फ्लाई जोन लगाया गया है। हमारे स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन दोपहर 1.45 बजे पश्चिमी सिंहभूम के गुदरी में बैठक करने के बाद दोपहर 2.25 बजे सिमडेगा के बाजार टांड में चुनावी सभा को संबोधित करने वाले थे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए दोपहर 2.40 बजे चाईबासा पहुंचना था।

**झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो का आरोपः** झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र लिखकर कहा कि गुदरी और चाईबासा के बीच की दूरी 80 किमी है जबकि सिमडेगा की दूरी 90 किमी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने सोरेन के दौरे को मंजूरी दे दी थी। लेकिन प्रधानमंत्री के सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए सीएम के हेलीकॉप्टर को डेढ़ घंटे तक रोके रखा गया।

भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक और स्वायत्त संस्था है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा था कि सुरक्षा कारणों से 50 किलोमीटर के दायरे में 15 मिनट के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाएगा। हालांकि, सोरेन के हेलीकॉप्टर को डेढ़ घंटे तक अनुमति नहीं दी गई। झामुमो ने पत्र में लिखा कि हमारे सीएम आदिवासी समुदाय से आते हैं और एक बड़े संघर्ष के बाद इस पद पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि आप भी आदिवासी समुदाय से हैं और लंबे संघर्ष के बाद देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे हैं। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि वे सुनिश्चित करें कि आदिवासी जनप्रतिनिधियों सहित सभी स्टार प्रचारकों को समान संवैधानिक सुरक्षा और सम्मान मिले।



### हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को रोके जाने संबंधी मामले पर सीईओ ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को लिखा पत्र

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा उनके स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोके जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। संबंधित मामले पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 6 नवंबर की सुबह तक वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए पत्र लिखा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी प्रत्याशियों के लिए एकसमान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से राज्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई संवादहीनता न रहे इस बात को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ 23 अक्टूबर को निर्वाचन सदन में राजनीतिक दलों संग एयरपोर्ट अथॉरिटी की बैठक भी आयोजित की गई थी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को एयरपोर्ट अथॉरिटी के वीआईपी मूवमेंट से संबंधित दिशा निदेर्शों से अवगत कराते हुए संशय की स्थिति में संपर्क करने के लिए नंबर भी साझा किए गए थे। ताकि विधानसभा निर्वाचन में सभी के लिए एक समान अवसर प्राप्त हो।

## स्वच्छता अभियान में बांटा गया डस्टबिन




**रांचीः** आज लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर,छात्र क्लब साधना मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर (कोर कमिटी)के लायन विजय पाठक एवं विशिष्ठ अतिथि लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के संस्थापक लायन प्रेम शंकर मिश्रा,अध्यक्ष राजेश केडिया,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,संरक्षक शिव कुमार सिंह,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संरक्षक पिंटू शर्मा,रमेश मिस्त्री,सुरेंद्र शर्मा मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुभारंभ श्री गणेश वंदना एवं अतिथियों को तिलक लगाकर हुई।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के समाजिक दायित्व के तहत न्यू मधुकम रोड नंबर 5 स्थित देवी मंडप में मंदिर परिसर मे स्वच्छ वातावरण रहे इसका ख्याल रखते हुए डस्टबिन प्रदान किया गया। इसके पूर्व संस्था के सभी लोगों में अपने अपने क्षेत्र मे स्वच्छता अभियान चलाया।मौके पर मुख्यअतिथि विजय पाठक ने कहा स्वच्छता ही जीवन है घर,मंदिर,विद्यालय,चौक चौराहे के आसपास स्वच्छ वातावरण रखें यह हम सबका सामाजिक दायित्व है वही विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संरक्षक पिंटू शर्मा एवं रमेश मिस्त्री ने कहा मंच के समाजिक दायित्व के तहत रांची के विभिन्न क्षेत्रों के मंदिरों में स्वच्छता हेतु पूर्व मे भी डस्टबिन प्रदान किया गया है और आगे भी किया जाएगा। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरुप से पुजारी आर्यन कुमार पांडे,राजकिशोर राणा,अशोक कुमार राणा,कुमारी शीला,रूपेश कुमार भगत,आर्या चंद्रवंशी,रवि कुमार,विजय सिंहा उर्फ विधायक,छोटू मल्लाह,प्रवीण शर्मा,गीता देवी,शोभा देवी,शकुंतला देवी,दामिनी कुमारी,प्रिया कुमारी,ललिता देवी,रिंकू देवी,अन्नू चंद्रवंशी व अन्य की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## आरपीएफ ने सात पैकेट गांजा हटिया स्टेशन से किया बरामद

**रांचीः** रांची मंडल मे ंआरपीएफ के मण्डल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार के निर्देश पर गांजे तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है उसी क्रम में आरपीएफ पोस्ट हटिया तथा रांची आरपीएफ कि फ्लाइंग टीम साथ मिलकर हटिया के पोस्ट कमांडर रूपेश कुमार के देखरेख मे हटिया स्टेशन पर चेक करने के क्रम मे प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था मे एक ट्रॉली बैग के साथ बैठा देखा। उससे पूछताछ मे उसने अपना नाम नवीन कुमार उम्र 23 वर्ष, पिता राम अयोध्या साहनी, पता मोतीपुर, मुजफ्फरपुर(बिहार) तथा उसने बताया कि उसके बैग मे गाँजा(मरुजुआना) है। तत्पश्चात इसकी सूचना आरपीएफ ने अपने सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह को दिया। सहायक सुरक्षा आयुक्त के हटिया पहुचने पर उस बैग को खोलकर चेक किया गया जिसके अंदर सात पैकेट गाँजा मिला जिसका टेस्ट करने उपरांत उसे एएसआई रवि शेखर द्वारा जब्त किया गया तथा उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करके दोनों को जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया। बरामद गांजे का अनुमानित कीमत 70,000 रुपए पाया गया।



### सेक्युलर प्रत्याशी का करें चयन : मोहम्मद सईद



**रांचीः** एदारा शरिया सरपरस्त और अंजुमन इस्लामिया रांची के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद सईद ने 13 और 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर कहा कि जिस तरह धर्म और जाति के नाम पर चुनाव लड़ा जा रहा है या राज्य हित के लिए ठीक नहीं आज राज्य में शिक्षा,स्वास्थ्य और बेरोजगारी अहम मुद्दे हैं लेकिन आम जनता को भटका कर कुछ राजनीतिक पार्टियां सांप्रदायिक और ध्रुवीकरण के नाम पर चुनाव 2024 में सत्ता में काबिज होने की जुगत में है ऐसी स्थिति में राज्य के दलित,पिछड़े अल्पसंख्यक, आदिवासी मूलवासी अपनी एक जुटता का परिचय देते हुए सांप्रदायिक शक्तियों को करारा जवाब दें और राज्य की खुशहाली और विकास के लिए सेकुलर पार्टी के प्रत्याशी को विजय बनाए जिससे हर समाज को इसका लाभ मिल सके।

कांग्रेस का भाजपा पर वार, कहा-

## यह चुनाव जनता की सरकार और पीएम को खुश करने वालों के बीच

**रांचीः** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज है। इस बीच राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन की साथी कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहाने भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा सरकार ने 2015 में पावर प्लांट लगाने में अदाणी समूह को फायदा पहुंचाया। कांग्रेस ने कहा कि झारखंड में यह मुकाबला लोगों के लिए काम करने वाली सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुश करने वालों के बीच है।



एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा, वर्ष 2015 के जून महीने में मोदानी ग्रुप ने झारखंड में गोड्डा ज़िले के दस गांवों में कोयला आधारित बिजली संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की थी। झारखंड में तत्कालीन भाजपा राज्य सरकार के पूर्ण सहयोग से, स्थानीय किसानों से 1,255 एकड़ तक भूमि का अधिग्रहण किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान बल प्रयोग और डराने-धमकाने की कई रिपोर्ट्स आईं।

उन्होंने कहा, नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री की सरकार ने इस प्रोजेक्ट में प्रधानमंत्री के पसंदीदा टेम्पो-वाले की मदद करने का हर संभव प्रयास किया- जल्दबाजी में मंजूरी देने से लेकर बिजली संयंत्र को एसईजेड घोषित करने तक।

कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207
पत्रांक ......................../ दिनांक ......................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा—गुमला मार्ग पर ग्राम—चंदाली के पास से 30 बोरा लकड़ी कोयला सहित एक पीकअप सं0—JH01N7805 को जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 18.11.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
—सह— वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 339851 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## कश्मीर में आतंक पर सवाल

**जम्मू-कश्मीर** की राजधानी श्रीनगर में लगातार दूसरे दिन आतंकी हमला किया गया। रविवार को जहां ग्रेनेड फटा, उससे मात्र 600 मीटर दूर मुख्यमंत्री आवास और ऐतिहासिक लाल चौक हैं। यह उच्चतम सुरक्षा का क्षेत्र है। फिर ऐसे क्षेत्र में आतंकी और उनके हथियार कैसे पहुंच गए? यह बेहद गंभीर सवाल है। हमारी सुरक्षा-व्यवस्था पर भी सवाल उठते हैं। आतंकियों के निशाने पर सीआरपीएफ के बंकर थे, लेकिन ग्रेनेड भीड़-भाड़ वाले साप्ताहिक बाजार में फटा, नतीजतन 12 नागरिक घायल हो गए। घायलों में 6 की उम्र 20 साल से कम बताई गई है। जहां आतंकी हमला किया गया, उसके पास ही पर्यटक स्वागत केंद्र, आकाशवाणी, दूरदर्शन केंद्र, कई बस्तियां और बाजार हैं, लिहाजा यह बेहद भीड़वाला इलाका है। कश्मीर घाटी में इधर जितने भी हमले हुए हैं, वे सभी बाहरी आतंकियों ने किए हैं। श्रीनगर के हमले स्पष्ट करते हैं कि आतंकी सरहद से घनी आबादी के बीच आसानी से पहुंच रहे हैं, लिहाजा सुरक्षा बलों और सेना को घुसपैठ रोकने के लिए कड़ी प्रहारात्मक कार्रवाई करनी होगी। बाहरी आतंकियों की पहचान पुख्ता कर उन्हें ढेर करना होगा। अनुच्छेद 370 और 35-ए निरस्त करने के बाद से श्रीनगर शांत था। कोई आंदोलन नहीं, कोई बहिष्कार नहीं था। यहां आखिरी आतंकी हमला अप्रैल, 2022 में हुआ था। तब 2 आतंकी मारे गए थे। इधर चुनाव होने और लोकतांत्रिक सरकार बनने के बाद आतंकी हमलों की निरंतरता बढ़ी है। बीती 18 अक्तूबर को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के चुनाव क्षेत्र गांदरबल जिले में जो आतंकी हमला किया गया था, उसके बाद 9 आतंकी हमले किए जा चुके हैं। हमारे जांबाज जवान शहीद हुए हैं और घायल भी हुए हैं, लेकिन 9-10 आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया है। हमलों की निरंतरता पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सवाल किए हैं कि ये आतंकी हमले बढ़ क्यों रहे हैं? सरकार बनने से पहले हमलों में तेजी क्यों नहीं आई? इसकी स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फल-फूल रहा था, लेकिन यह सबसे निचले स्तर पर था, लिहाजा मैं जांच की मांग कर रहा हूं। श्रीनगर के खानयार में आतंकी को मारा नहीं जाना चाहिए था। आतंकियों को जिंदा पकड़ें, ताकि पता चल सके कि क्या उमर सरकार को अस्थिर करने का काम किसी एजेंसी को सौंपा गया है? फारूक किस एजेंसी की बात कर रहे हैं? यदि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई पर संदेह है, तो कश्मीर के आतंकवाद में उसकी भूमिका तय है। हम महसूस कर चुके हैं। यदि भारत की किसी एजेंसी पर फारूक को शक है, तो उसके नाम का खुलासा करें। ऐसे आरोप बेमानी हैं। जब गांदरबल जिले में आतंकी हमला किया गया था, तब फारूक ने पाकिस्तान के खिलाफ बेहद तल्ख टिप्पणियां की थीं और कहा था-कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा, नहीं बनेगा। लेकिन अब फारूक अब्दुल्ला का स्वर बदला हुआ है। उमर सरकार के खिलाफ साजिश कौन करेगा? नेशनल कॉन्फ्रेंस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है, लिहाजा सरकार उसी के नेतृत्व में बननी थी। दरअसल कश्मीर में आतंकवाद कहां समाप्त हुआ है? बेशक आतंकियों की संख्या मुट्ठी भर है, लेकिन पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद सक्रिय रहा है। बेशक नया कश्मीर उभर रहा है। कई हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है। स्कूल-कॉलेज, स्टेडियम, बाजार, डल लेक आदि सभी आकर्षक स्थल खुले हैं। सर्दियां आरंभ हो गई हैं, लिहाजा औसतन हर सप्ताह करीब 1200 वेंडर्स श्रीनगर के साप्ताहिक बाजार में आते हैं और अपने गर्म कपड़े बेचते हैं। उसी भीड़ पर वह ग्रेनेड फटा था। सैलानियों की अच्छी-खासी संख्या भी कश्मीर में दस्तक दे रही है। राजस्व की आमद शुरू हो चुकी है, लेकिन अभी भारत सरकार या मुख्यमंत्री किसी भी तरह का दावा नहीं कर सकते कि आतंकवाद मृतप्राय हो गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं है। सुरक्षा तंत्र को जल्द ही इन हमलों को नेस्तनाबूद करने की कोशिश करनी चाहिए। विशेषज्ञ दावा करते रहे हैं कि आतंकियों को स्थानीय मदद लगातार हासिल है, उसी के आधार पर अभी आतंकवाद जिंदा है।

## चुनावी गारंटियां बेनकाब

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी ने कहा था कि वह चोरी की इजाजत दे सकते हैं, लेकिन मुफ्तखोरी की नहीं। मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार चेता चुके हैं कि मुफ्त की रेवड़िया देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत घातक हैं। इन कथनों के बावजूद आज देश में मुफ्तखोरी और गारंटियों की ही राजनीति चल रही है। चुनावों में गारंटियों की खैरात घोषित की जाती है, लेकिन सरकार बनने के बाद बहाने बनाए जाते हैं, कन्नी काट ली जाती है, समीक्षाओं की आड़ ली जाती है, लिहाजा बहुधा गारंटियां लागू नहीं हो पातीं। मुफ्तखोरी या रेवड़ियों का ही नतीजा है कि देश पर करीब 176 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। यह कर्ज पूंजीगत व्यय और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी लेना पड़ा होगा! जितना हम पर कर्ज है, उतनी कई देशों की अर्थव्यवस्था भी नहीं होती। देश के सभी राज्य कर्ज में डूबे हैं। यदि कोई सरप्लस में होने का दावा करता है, तो झूठ बोल रहा है। देश की जनता को बेवकूफ बना रहा है। दो मुख्य उदाहरणों के जरिए मुद्दे को समझने की कोशिश करते हैं। भारत सरकार की ओर से 81 करोड़ से अधिक लोगों में 5 किलो मुफ्त अनाज प्रति माह बांटा जा रहा है। यह योजना 2028 के अंत तक चलेगी। कोरोना महामारी के कारण यह योजना शुरू करनी पड़ी थी, लेकिन अब तो कोरोना के प्रभाव समाप्त हो चुके हैं। बाजार खुले हैं। आर्थिक गतिविधियां खूब चल रही हैं। फिर भी इतनी आबादी को सरकार ने मोहताज बनाकर क्यों रखा हुआ है? मुफ्त अनाज पर पांच साल में 11.80 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। दूसरी प्रमुख योजना है-पीएम किसान सम्मान निधि। इसके तहत किसानों को, हर चार माह में, 2000 रुपए दिए जाते हैं। सालाना 6000 रुपए उनके बैंक खातों में डाल दिए जाते हैं। करीब 8-9 करोड़ किसानों में यह राशि बांटी जाती है। इस पर कुल 60,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की बात कही जाती है। बहरहाल केंद्र सरकार की ऐसी 100 से अधिक योजनाएं हैं, जिनमें राशि बैंक खातों में जाती है अथवा सबसिडी के तौर पर दी जाती है। ये योजनाएं रेवड़ियां हैं या मुफ्तखोरी है अथवा जन-कल्याण की श्रेणी में आती हैं, सरकार को इन्हें अलग-अलग परिभाषित करना चाहिए। एक संदर्भ में लाभार्थी और दूसरे में रेवड़ी कैसे हो सकता है? बिजली, पानी, बस यात्रा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कर्जमाफी आदि सभी कुछ मुफ्त कैसे मुहैया कराया जा सकता है? आखिर पैसा तो देश के औसत करदाता का है। ताजा संदर्भ के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के नैतिक साहस की सराहना करनी चाहिए, जिन्होंने अपनी ही पार्टी की कर्नाटक सरकार को, गारंटियों के मद्देनजर, खरी-खोटी सुनाई और आईना दिखा दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वायदा वह करें, जो बजट के अनुरूप हो और पूरा किया जा सके। यदि गारंटियां खटाखट, फटाफट घोषित की जाती हैं, तो राज्य दिवालिया हो सकता है। सरकार नाकाम हो सकती है। वायदे पूरे नहीं किए गए, तो लोग 10 साल तक कांग्रेस की सरकार नहीं चुनेंगे। मल्लिकार्जुन खडगे ने परोक्ष रूप से राहुल-प्रियंका गांधी की गारंटियों को खारिज किया है, जो लोकसभा चुनाव के बाद खटाखट खटाखट मिलनी थी।

# भारतीय क्रिकेट में बदलाव की मांग उचित

श्रृंखला में आश्चर्यजनक हार के बाद, भारत का क्रिकेट समुदाय निराशा से भरा हुआ है, जिससे टीम की दिशा और नेतृत्व पर सवाल उठ रहे हैं। प्रशंसकों और विश्लेषकों ने भारत के असंगत प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है और कोचिंग तथा चयन रैंक के भीतर आत्मनिरीक्षण की मांग की है। आलोचकों का तर्क है कि कोचिंग स्टाफ ने देश की प्रतिभा के विशाल पूल का अधिकतम उपयोग नहीं किया है, खासकर बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के प्रमुख क्षेत्रों में। टीम प्रबंधन के लिए एक नए दृष्टिकोण की मांग की जा रही है, जिसमें कुछ लोग टीम में नए दृष्टिकोण और रणनीतियों को शामिल करने के लिए पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तानों को विभिन्न कोचों के रूप में शामिल करने की वकालत कर रहे हैं।

**अरविंद शर्मा**

**घटनाओं** के एक उल्लेखनीय और अप्रत्याशित मोड़ में, न्यूजीलैंड ने भारतीय धरती पर भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसने प्रशंसकों और विशेषज्ञों को चौंका दिया। यह उपलब्धि कोई छोटी उपलब्धि नहीं है, क्योंकि भारत की घरेलू पिचें, जो अपने स्पिन-अनुकूल स्वभाव के लिए जानी जाती हैं, लंबे समय से राष्ट्रीय टीम के लिए एक किला रही हैं, जिससे किसी भी मेहमान टीम द्वारा श्रृंखला जीतना दुर्लभ हो गया है। यह 3.0 की जीत न्यूजीलैंड के लिए एक अभूतपूर्व सफलता है और भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण झटका है। इसने खेल के सभी निकायों के भीतर चिंतन की लहर और बदलाव की मांग को बढ़ावा दिया है। भारत में टेस्ट सीरीज जीतना क्रिकेट में सबसे कठिन चुनौतियों में से एक माना जाता है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने घरेलू मैदानों पर दबदबा बनाया है, जिसमें स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों का लाभ उठाया गया है और विरोधियों से उच्च स्तर की अनुकूलनशीलता और कौशल की आवश्यकता होती है। न्यूजीलैंड का क्लीन स्वीप न केवल उनकी अनुकूलनशीलता को दशार्ता है, बल्कि तैयारी और रणनीति के असाधारण स्तर को भी दशार्ता है जिसने उन्हें भारत की ताकत को खत्म करने की अनुमति दी। यह जीत निस्संदेह विश्व क्रिकेट में शीर्ष दावेदार के रूप में न्यूजीलैंड की प्रतिष्ठा को बढ़ाएगी।

भारतीय क्रिकेट के लिए एक चेतावनीः श्रृंखला में आश्चर्यजनक हार के बाद, भारत का क्रिकेट समुदाय निराशा से भरा हुआ है, जिससे टीम की दिशा और नेतृत्व पर सवाल उठ रहे हैं। प्रशंसकों और विश्लेषकों ने भारत के असंगत प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है और कोचिंग तथा चयन रैंक के भीतर आत्मनिरीक्षण की मांग की है। आलोचकों का तर्क है कि कोचिंग स्टाफ ने देश की प्रतिभा के विशाल पूल का अधिकतम उपयोग नहीं किया है, खासकर बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के प्रमुख क्षेत्रों में। टीम प्रबंधन के लिए एक नए दृष्टिकोण की मांग की जा रही है, जिसमें कुछ लोग टीम में नए दृष्टिकोण और रणनीतियों को शामिल करने के लिए पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तानों को विभिन्न कोचों के रूप में शामिल करने की वकालत कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसने टीम चयन प्रक्रियाओं की बारीकी से जांच करने का आग्रह किया है। कई लोगों का मानना है कि उभरते हुए खिलाड़ियों को अधिक अवसर दिए जाने चाहिएं, ताकि स्पॉट के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो और एक नया जोश भरा टीम लाइनअप हो जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव को संभाल सके। विदेशों में भारत की उपलब्धियों पर विचारः इस झटके के बावजूद, विदेशी धरती पर भारत की हाया सफलताएं, जैसे कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में उल्लेखनीय जीत, चुनौतीपूर्ण वातावरण में टीम की लचीलापन और क्षमता की याद दिलाती हैं। इन जीतों ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत किया है, जो घर से बाहर उनकी अनुकूलन क्षमता को दशार्ता है। हालांकि, न्यूजीलैंड की मौजूदा जीत, साथ ही 2021 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की जीत, कीवी टीम के एक दुर्जेय क्रिकेट पक्ष के रूप में खुद के विकास को रेखांकित करती है। उनकी अनुकूलन क्षमता, सामरिक प्रतिभा और अनुशासित दृष्टिकोण ने उन्हें एक ऐसी टीम बना दिया है जिसका सम्मान किया जाना चाहिए।

**आगे की ओर देखना :** भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण जैसा कि यह श्रृंखला समाप्त हो गई है, यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, पुनर्मूल्यांकन, पुनर्संतुलन और सुधार की दिशा में निर्णायक कदम उठाने का समय है। आगे की राह में नेतृत्व में रणनीतिक बदलाव, चयन मानदंडों का पुनर्मूल्यांकन और नई प्रतिभाओं को पोषित करने की प्रतिबद्धता शामिल होगी। न्यूजीलैंड के लिए, यह कठिन संघर्ष वाली जीत उनके धैर्य और रणनीतिक कौशल का प्रमाण है। यह याद दिलाता है कि दृढ़ता और अनुकूलनशीलता सबसे चुनौतीपूर्ण वातावरण पर भी विजय प्राप्त कर सकती है। न्यूजीलैंड की जीत को दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में मनाया जाएगा, जो क्रिकेट की दुनिया में एक प्रेरणादायक उपलब्धि है। जबकि भारतीय प्रशंसक तेजी से पुनरुत्थान की उम्मीद कर रहे हैं और न्यूजीलैंड की तर्ज पर भारत की ऑस्ट्रेलिया की धरती पर जीत की उम्मीद कर रहे हैं। साथ ही यह भी सच है कि वर्ल्ड कप और अन्य सीरीज तथा मैचों में हमारे देश की क्रिकेट टीम का प्रदर्शन अब तक बहुत अच्छा भी रहा है। हमारे देश की क्रिकेट टीम दुनिया की नंबर वन टीम भी है। हमारे देश के हर खिलाड़ी का सपना और विश्वास होता है कि वो जीत हासिल करे, लेकिन खेल में हर बार हर खिलाड़ी को सफलता ही मिले, यह भी संभव नहीं। हमें अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन को याद रखना चाहिए। अगर किसी मैच में हार भी मिलती है तो हमें अपने खिलाड़ियों का विरोध नहीं करना चाहिए और न ही हमारी टीम को निराश होना चाहिए, बल्कि टीम को अपनी हार पर मंथन करते हुए अपनी त्रुटियों को दूर करते हुए पूरे जोश के साथ अगले मैच खेलने चाहिएं। इसी के साथ यह भी कहना चाहूंगा कि भारत को ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी भागीदारी के बारे में एक महत्वपूर्ण निर्णय का सामना करना चाहिए, जिसमें बहिष्कार की मांग पर विचार जरूरी है। यह भावना इस घोषणा के बाद उभरी है कि एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत के वर्चस्व वाले कई खेलों को इस आयोजन से बाहर रखा गया है। हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, कुश्ती, स्क्वैश और शूटिंग जैसे प्रमुख खेल, जिनमें भारतीय एथलीट लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं, ग्लासगो खेलों का हिस्सा नहीं होंगे, जिससे निष्पक्षता और समावेशिता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। भारत की पदक संभावनाओं पर प्रभाव : इन खेलों को बाहर करना भारत की पदक उम्मीदों के लिए एक बड़ा झटका है। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में पारंपरिक रूप से शूटिंग, कुश्ती और हॉकी जैसे आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे पदकतालिका में इसकी मजबूत स्थिति में योगदान मिला है। इन खेलों को हटाने से भारतीय एथलीटों के लिए वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर बहुत कम हो गए हैं। यह निर्णय अन्य एशियाई देशों जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और मलेशिया पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जो इन खेलों में प्रमुख हैं, जिससे खेलों की समग्र प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर हो जाती है। राष्ट्रमंडल खेल, ऐतिहासिक रूप से, खेल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सौहार्द और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का एक मंच रहे हैं। हालांकि, कई एशियाई देशों में लोकप्रिय खेलों को बाहर करने से एक महत्वपूर्ण असंतुलन पैदा होता है। क्रिकेट और हॉकी जैसे खेल, जिनका भारत और पाकिस्तान जैसे देशों में गहरा सांस्कृतिक महत्व है, सीमाओं के पार प्रशंसकों को एकजुट करते हैं।

# दिवाली उत्सव का स्याह पक्ष

कुछ लोग इसे हिंदू धर्म पर आघात के रूप में देखते हैं, क्योंकि अन्य धर्मों के पर्वों या अन्य उत्सवों पर इस प्रकार की बहस नहीं होती है। उदाहरण के लिए, भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट मैचों में भी आतिशबाजी की जाती है और जब अन्य समुदाय अपने त्योहार मनाते हैं, तब इस प्रकार के मुद्दे उतनी गंभीरता से नहीं उठाए जाते। प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित करना हम सभी का दायित्व है और इसके लिए हर समुदाय और हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए।

**कर्म सिंह ठाकुर**

**दिवाली** का त्योहार संपन्न हो चुका है। अब जगह-जगह से प्रदूषण के कारण दम घुटने जैसी स्थिति की खबरें आनी शुरू हो चुकी हैं। दिवाली के बाद दिल्ली के साथ-साथ देश के अन्य इलाकों में भी प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है। यह दिवाली का स्याह पक्ष है। दिवाली के इस पावन पर्व पर अक्सर विभिन्न विवाद भी सामने आते हैं, खासकर पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को लेकर। इस दिन लोग आतिशबाजी करते हैं और पटाखे जलाते हैं, जिससे प्रदूषण की समस्या खड़ी होती है। पर्यावरणविदों और समाज के कुछ वर्गों का मानना है कि पटाखों से वायु और ध्वनि प्रदूषण होता है, जो मानव और पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इस विचार को लेकर कई बार विवाद उत्पन्न होते हैं और दिवाली के इस पवित्र पर्व को पर्यावरण की दृष्टि से नकारात्मक रूप में देखा जाने लगता है। हालांकि यह सत्य है कि पटाखों से कुछ हद तक प्रदूषण होता है, लेकिन इसके बावजूद इस विवाद को लेकर एक पक्ष यह भी कहता है कि प्रदूषण केवल पटाखों से नहीं होता, बल्कि अन्य गतिविधियों से भी होता है। वाहनों का धुआं, कारखानों से निकलने वाला प्रदूषण, औद्योगिक विकास के कारण पेड़ों की कटाई और अन्य मानव जनित क्रियाओं के कारण भी पर्यावरण को हानि पहुंचती है। लेकिन कुछ लोग दीपावली के अवसर पर ही पर्यावरण की चिंता प्रकट करते हैं, जबकि अन्य समय में यह मुद्दा उतनी गंभीरता से नहीं उठाया जाता है। दिवाली का पर्व जब नजदीक आता है, तब अक्सर प्रदूषण को लेकर विशेष रूप से पटाखों पर बहस छिड़ जाती है। कुछ लोग इसे हिंदू धर्म पर आघात के रूप में देखते हैं, क्योंकि अन्य धर्मों के पर्वों या अन्य उत्सवों पर इस प्रकार की बहस नहीं होती है। उदाहरण के लिए, भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट मैचों में भी आतिशबाजी की जाती है और जब अन्य समुदाय अपने त्योहार मनाते हैं, तब इस प्रकार के मुद्दे उतनी गंभीरता से नहीं उठाए जाते। प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित करना हम सभी का दायित्व है और इसके लिए हर समुदाय और हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। परंतु किसी विशेष धार्मिक पर्व पर प्रदूषण के नाम पर केवल उसी समुदाय को निशाना बनाना उचित नहीं है। सभी समुदायों को समान रूप से पर्यावरण की रक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए और एक-दूसरे के पर्वों का सम्मान करना चाहिए। औद्योगिकरण और शहरीकरण के कारण प्रदूषण में लगातार वृद्धि हो रही है। गाड़ियों से निकलने वाला धुआं, कारखानों से निकलने वाले विषैले पदार्थ, पेड़ों की कटाई और आधुनिक जीवनशैली ने पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है, लेकिन इसके लिए केवल दिवाली के समय ही जागरूकता की बात करना उचित नहीं है। यदि समाज को वास्तव में प्रदूषण की समस्या से बचाना है तो हर दिन, हर गतिविधि में यह ध्यान देना होगा कि हम कैसे पर्यावरण की सुरक्षा कर सकते हैं। विकास और पर्यावरण की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए संपूर्ण समाज को मिलकर प्रयास करना चाहिए। वर्तमान समय में जब पर्यावरण की स्थिति को लेकर चिंता बढ़ रही है, तो हमें भी इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से देखना चाहिए और कुछ ऐसे उपाय करने चाहिएं जिससे प्रदूषण कम हो सके। दीपावली पर हम ईको-फ्रेंडली पटाखों का उपयोग कर सकते हैं, जो कम प्रदूषण करते हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक दीयों और मोमबत्तियों के स्थान पर तेल के दीयों का अधिक उपयोग किया जा सकता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं होते। इससे दिवाली के पारंपरिक स्वरूप को भी कायम रखा जा सकता है और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। दिवाली का पर्व हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व न केवल परिवार और दोस्तों के साथ खुशियां बांटने का है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करने का भी है। हम इस पर्व पर जरूरतमंदों की सहायता कर सकते हैं और समाज में एकता और प्रेम का संदेश फैला सकते हैं। इसके अलावा दिवाली के अवसर पर पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को माफ कर देना भी इस पर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें सिखाता है कि सच्ची खुशी अपने प्रियजनों के साथ समय बिताने में और एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहने में है। दिवाली का पर्व अब केवल भारत तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसे विदेशों में भी बड़ी श्रद्धा और आदर के साथ मनाया जाता है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय समुदाय इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं और वहां के समाज में भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हैं। इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रसार भी होता है और विदेशी समाजों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान बढ़ता है। इस प्रकार दिवाली न केवल भारत की संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि यह एक ऐसा पर्व बन गया है जो विश्वभर में भारतीय संस्कृति की महत्ता को दशार्ता है। दिवाली केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों का प्रतीक है। यह पर्व अच्छाई की जीत, एकता, प्रेम और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है। हमें इस पर्व के महत्व को समझना चाहिए और इसे मनाने के दौरान पर्यावरण की भी रक्षा करनी चाहिए। साथ ही समाज में इस पर्व के प्रति किसी प्रकार की नकारात्मकता को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। दिवाली का पर्व हमें सिखाता है कि प्रेम, भाईचारा और सकारात्मकता के साथ हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। पर्यावरण की रक्षा हर व्यक्ति और समुदाय का दायित्व है, लेकिन यह पर्व हमें यह सिखाता है कि इस जिम्मेदारी का निर्वहन हम सभी को मिल-जुलकर करना चाहिए, न कि किसी विशेष समुदाय को इसके लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए। दिवाली के इस पवित्र अवसर पर हमें समाज में सकारात्मकता और एकता को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए ताकि यह पर्व सभी के लिए आनंद और खुशी का प्रतीक बन सके। सीमा के भीतर रहकर पटाखे जलाए जाने चाहिएं।

# एक-दूसरे के पूरक

## चिंतन-मनन

**श्रीश्री रवि शंकर**

**प्रमाणिकता** और कुशलता विरोधाभासी प्रतीत होते हैं, लेकिन वास्तव में वे एक-दूसरे के पूरक हैं। आपके इरादे प्रामाणिक होने चाहिए और आपके कार्य कुशल होने चाहिए। इरादे जितने प्रामाणिक होंगे, कार्य उतना ही कुशल होगा। प्रामाणिक इरादे और कुशल कार्य आपको अडिग बनाते हैं। कौशल की आवश्यकता केवल तभी होती है जब प्रामाणिकता अपना रास्ता नहीं बना पाती। फिर भी प्रामाणिकता के बिना कौशल आपको उथला बनाता है। आप प्रामाणिक कार्य और कुशल इरादा नहीं रख सकते। यदि आप अपने कार्य में प्रामाणिक होने की कोशिश करते हैं, लेकिन अपने मन में चालाकी करते हैं, तो यहीं पर गलतियां होती हैं। क्या लालच जैसा शक्तिशाली इरादा होना संभव है, जो प्रामाणिक हो? अगर आपका इरादा लालच या अति महत्त्वाकांक्षा जैसी भावनाओं से रंगा हुआ है, तो आपका इरादा प्रामाणिक नहीं है।

जब भी आपके इरादे अशुद्ध होते हैं, तो यह आपकी चेतना को चुभता है, इसलिए यह प्रामाणिक नहीं हो सकता। प्रामाणिक इरादे नकारात्मक भावनाओं से मुक्त होते हैं। एक ऐसा कार्य जो कुशल नहीं है, नकारात्मक भावनाओं को जन्म देता है और एक ऐसा इरादा जो प्रामाणिक नहीं है, नकारात्मक भावनाओं को जन्म देता है। अगर आपका इरादा सच्चा है लेकिन आपके काम कुशल नहीं हैं तो क्या होगा? इरादे से निपटने का सबसे अच्छा कौशल क्या है? कोई संकल्प या इरादा अपने तक ही सीमित न रखें। उन्हें उच्चतर आत्मा को अर्पित करें। कार्य कभी भी परिपूर्ण नहीं हो सकते लेकिन हमारे इरादे परिपूर्ण हो सकते हैं। कार्यों में हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है। कार्य का मतलब है विकास और गति और इसके लिए जगह की आवश्यकता होती है। आपके अंदर की गहराई और स्वतंत्रता आपके अंदर की कुशलता को सामने लाती है। कृष्ण सबसे कुशल थे, क्योंकि उनका मौन बहुत गहरा था। जब आप जीवन में बाधाओं से जूझ रहे हों, तो मन को सकारात्मक रखना महत्त्वपूर्ण है। कुछ राख जमा हो सकती है और आग को ढक सकती है, लेकिन एक बार जब वह उड़ जाती है, तो आग फिर से ऊपर उठती है और चमकती है। देखें कि आपके पास अतीत में कितनी समस्याएं थीं, वे सभी कैसे आईं और फिर चली गईं। ऐसे समय थे जब आपने सोचा था कि आप इससे बच नहीं पाएंगे, लेकिन आप बच गए!

## आपके पत्र

### हार पर मंथन करे टीम इंडिया

हाल ही में हमारे देश की क्रिकेट टीम को टेस्ट मैच में अपने घर में ही लगभग 24 वर्षों बाद न्यूजीलैंड ने हरा दिया। इस हार के बाद टीम इंडिया की कुछ लोगों द्वारा निंदा भी की जा रही है। इस बार फिर देश के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों को निराशा हाथ लगी। भारतीय टीम की हार की वजह अति आत्मविश्वास भी हो सकता है। हमारे देश की क्रिकेट टीम के अब तक जो भी कप्तान रहे हैं, सभी के नेतृत्व में टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन भी किया है, हालांकि कभी-कभी हार का भी सामना करना पड़ा है।

खेल में हार-जीत चलती रहती है। जब दो टीमें खेल के मैदान में उतरती हैं तो एक के पाले में जीत और दूसरी के पाले में हार पड़ती है। खेल को खेल की भावना से लेना या देखना चाहिए। टीम इंडिया हार पर मंथन करे।

**अनीता वर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# जेएमएम के लोग भ्रम फैलाकर क्षेत्र में अलग रूप के माध्यम से क्षेत्र में लोगों को गुमराह कर रहे हैं : अनन्त ओझा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/राजमहल :** भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने राजमहल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। भाजपा प्रत्याशी अनन्त ओझा पंचायत बाबूपुर,तीन पहाड़ तेतुलिया महासिंगपुर खुटहरि सहित विभिन्न पंचायतों में जनसम्पर्क किया। नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। कहा कि जेएमएम के लोग भ्रम फैलाकर क्षेत्र में अलग अलग रूप के माध्यम से क्षेत्र में घूमकर लोगो को गुमराह कर रहे हैं विधायक ने कहा कि जेएमएम वाले टीना का चश्मा लगा कर रखा हैं।उन्हें विकास कार्य नहीं दिख रहे हैं क्षेत्र की बिजली की व्यवस्था 2014 से पहले क्या थी अब क्या हैं मंगलहाट में पावर ग्रीड कब बना क्षेत्र में दर्जनों सब स्टेशन का निर्माण कब हुआ। जहां मेरे विधायक बनने से पहले 4 से 6 घण्टे बिजली मिलती थी अब 22 घण्टे बिजली मिल रही हैं। तब भी इनको विकास नहीं सूझ रहा हैं। राजमहल में बच्चों को पढने के लिए मॉडल डिर्गी कॉलेज का निर्माण कराया गया। तीन पहाड़ में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा हैं तीन पहाड़ से महाराजपुर तक पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया गया। फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं। 2029 से



पहले राजमहल मानिकचक गंगा पुल का निर्माण हो कर रहेगा। जो मै बोलता हूँ उसे पूरा करता हूँ पहले विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए पैसे लगते थे महीने बाद भी नहीं मिल पाता था अब 24 घंटे के अंदर विद्युत ट्रांसफार्मर बिना पैसे का लग जाता हैं कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का चरागाह राजमहल विधानसभा नहीं बनने देंगे। राज्य में भाजपा का सरकार बनते ही चुन चुन कर घुसपैठियों को यहां से भगाएंगे। भाजपा, झारखंड की माताओं-बहनों को 'गोगो दीदी योजना' के माध्यम से प्रतिमाह 11 तारीख को 2,100 रुपया देगी। कहा कि मईंया सम्मान योजना के माध्यम से हेमंत सोरेन में ठगने का काम किया। 2019 में हेमन्त सोरेन वादा किया था पांच साल बीत जाने के बाद सिर्फ एक हजार दिया। भाजपा सरकार बनते ही हर महीने 2100 मिलना शुरू हो जाएगा।

## फरार वारंटियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर भेजे जेल : अमित कुमार

साहिबगंजः अपराध नियंत्रण एवं विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इंस्पेक्टर के कार्यालय में सोमवार को नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने थानाप्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण गोष्ठी किया।इसी दौरान इंस्पेक्टर बीते माह में हुए अपराधिक गतिविधि, अपराधियों कि गिरफ्तारी एवं थाना में दर्ज मामले कि अनुसंधान कि समीक्षा किए। इसी दौरान उन्होंने सभी थाना प्रभारी से कहा कि सभी थाना प्रभारी एक दूसरे का सहयोग करते हुए फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। फरार वारंटियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर जेल भेजे। विधानसभा चुनाव कुछ मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई करें। अपने-अपने क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में जांच अभियान चलाते रहें। उन्होंने कहा कि बिहार पड़ोसी राज्य है अपराधी गंगा के रास्ते या फिर सड़क के मार्ग से बड़े आसानी से आ सकते हैं और इसी रास्ते से अवैध तस्करी भी कर सकते हैं। इसलिए सभी थाना प्रभारी गंगा एवं सड़क मार्ग के सीमावर्ती इलाकों में लगातार जांच अभियान चलाते रहे।मौके पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दुबे मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार मिजाचौकी थाना प्रभारी शामिल थे।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज प्रेस वार्ता

**साहिबगंज :** नगर के मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज प्रेस वार्ता आयोजित की गई है।जिसमे मुख्य रुप से राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विधायक अनंत कुमार ओझा एवम साहिबगंज भाजपा जिलाध्यक्ष उज्जवल मंडल उपस्थित रहेंगे।जिसकी जानकारी भाजपा जिला महामंत्री गौतम कुमार यादव ने दी।

## मारपीट मामले में बरहरवा थाना पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार,भेजा जेल



**साहिबगंज/बरहरवा :** सोमवार को बरहरवा थाना पुलिस ने मारपीट मामले में है।मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त द्वारा पूर्व में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी।मारपीट में अभियुक्त द्वारा द्वितीय पक्ष को मारपीट कर घायल कर दिया गया था।द्वितीय पक्ष द्वारा मामले को लेकर बरहरवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।जिसके खिलाफ बरहरवा थाना कांड संख्या 60/24 दर्ज कर बरहरवा थाना पुलिस सिरासिंन निवासी अभियुक्त कादिर शेख को ढूंढ रही थी,रविवार को गुप्त सूचना के आधार बरहरवा थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष कुमार गौरव एएसआई जुमराती अंसारी दल बल के साथ सिरसिंन चौक के समीप चाय दुकान के पास से नामजद अभियुक्त कादिर शेख को सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया,तत्पश्चात अग्रेषित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त कादिर शेख को सोमवार को न्यायिक हिरसत में जेल भेज दिया है।

## मंगलहाट में तीन पहाड़ भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**राजमहल :** विधानसभा क्षेत्र में तीन पहाड़ मंडल भाजपा का चुनाव कार्यालय का उदघाटन मंगलहाट में भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने किया। इस अवसर पर तीन पहाड़ मण्डल के सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।मौके पर उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत,तीनपहाड़ मंडल अध्यक्ष सागर मंडल,जिला उपाध्यक्ष राजेश मंडल,रामानंद साह,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदरश यादव,मनोज यादव,शिवशंकर यादव,सुरेन्द्र सिंह,चंदन श्रीवास्तव,अमरेंद्र सिंह,धमेंद्र मंडल सहित सेकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## विधानसभावार ईवीएम का किया गया दूसरा रेंडमाइजेशन



**दुमका :** एनआईसी दुमका में जिले के सभी 4 विधानसभा क्रमशः 10-दुमका अ.ज.जा,12-जरमुंडी ,07-शिकारीपाड़ा अ.ज.जा एवं 11-जामा अ.ज.जा का सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में सोमवार को विधानसभावार ईवीएम का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया।

दूसरा रेंडमाइजेशन के द्वारा सभी चार विधानसभा के मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीन की टैगिंग की गयी।इस दौरान 10-दुमका (अ.ज.जा) के 286 बीयू,सीयू तथा वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया।07-शिकारीपाड़ा अ.ज.जा के लिए 261 बीयू,सीयू तथा वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया।12-जरमुंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 600 बीयू,300 सीयू तथा वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया वहीं 11-जामा अ.ज.जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 540 बीयू एवं 270 सीयू तथा वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया।

सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में पोलिंग पर्सनल का पार्टी फार्मेशन भी किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## राजनीतिक दलों की सहमति पर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के रेंडमाईजेशन की सूची तैयार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम का विधानसभा क्षेत्रवार रेंडमाइजेशन किया गया। राजमहल सामान्य प्रेक्षक सी०आर० प्रसन्ना, बोरियों अ०ज०जा० सामान्य प्रेक्षक गौतम सिंह, बरहेट अ०ज०जा० के सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद डाबू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त के समक्ष समाहरणालय सभागार में द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न किया गया।राजनीतिक दलों की सहमति पर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के रेंडमाईजेशन की सूची तैयार की गई। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों का बूथवार चिह्नीकरण कर लिया गया है। इससे पूर्व भी ईवीएम का रेंडमाईजेशन सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए किया गया है। जिससे राजनीतिक दलों द्वारा ईवीएम मशीनों को लेकर किसी प्रकार का कोई संदेह न रहे।रेंडमाईजेशन के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी पोलिंग बूथ का नंबर बताकर प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रमाणित करने के लिए रेंडमाईजेशन किया गया।सभी विधानसभा के प्रेक्षकों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा द्वितीय रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया ।इस अवसर पर राजमहल विधानसभा निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, बोरियो अ०ज०जा० निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, बरहेट अ०ज०जा० निवार्ची पदाधिकारी-सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी एवं अन्य उपस्थित थे।

## दुमका जिला में 1157 मतदान केंद्र

**दुमकाः** दुमका जिला में कुल 969 भवन में 1157 मतदान केंद्र स्थित हैं. इनमें से 19 मतदान केंद्र अति संवेदनशील,589 मतदान केंद्र संवेदनशील एवं 549 मतदान केंद्र सामान्य हैं. जिले में 20 नवंबर बुधवार को मतदान की तिथि एवं मतगणना की तिथि 23 नवंबर शनिवार घोषित हैं. शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कुल 261 मतदान केंद्र 226 भवन में अवस्थित हैं. दुमका विधानसभा क्षेत्र में कुल 286 मतदान केंद्र 219 भवन में अवस्थित हैं. जामा विधानसभा क्षेत्र में 270 मतदान केंद्र 227 भवन में अवस्थित हैं. जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र में कुल 300 मतदान केंद्र 215 भवन में अवस्थित हैं. शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 10 मतदान केंद्र संख्या क्रमशः 2,5,7,57,58,110,118,150,151 एवं 155 में प्रातः 7:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है. जबकि शेष 251 मतदान केंद्र में प्रातः 7:00 बजे से संध्या 5:00 तक मतदान का समय निर्धारित है. दुमका विधानसभा क्षेत्र, जामा विधानसभा क्षेत्र एवं जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र में प्रातः 7:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे. शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कुल229971 मतदाता हैं. इनमें से पुरुष मतदाता 110530 तथा महिला मतदाता 119440 के अतिरिक्त तृतीय श्रेणी के मात्र एक मतदाता हैं. दुमका विधानसभा क्षेत्र में कुल 25 9079 मतदाता हैं. इनमें से पुरुष मतदाता 126 903 एवं महिला मतदाता 132 175 के अतिरिक्त तृतीय श्रेणी के मात्र एक मतदाता हैं. जामा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2245 53 हैं. इनमें से पुरुष मतदाता 109 841 एवं महिला मतदाता 114 710 के अतिरिक्त तृतीय श्रेणी के मात्र दो मतदाता हैं. साथ ही जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 271043 हैं. इनमें से पुरुष मतदाता 1386 77 एवं महिला मतदाता 132363 के अतिरिक्त तृतीय श्रेणी के कुल3 मतदाता हैं. शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र, दुमका विधानसभा क्षेत्र,जामा विधानसभा क्षेत्र एवं जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र में तृतीय श्रेणी के कुल 7 मतदाता हैं. दुमका विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाता से ज्यादा महिला मतदाता की संख्या है.

## पीएलवी को लोगों को जागरूक कर उनके अधिकार को दिलाना है : अखिलेश कुमार





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखलेष कुमार मार्गदर्शन में प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा साहिबगंज ने निम्नलिखित निर्देश सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों, जरूरतमंदो, विकलांग लोगों को विधिक सहायता की जानकारी प्रदान की गई ।उन्होंने भारतीय संविधान के तहत लोगों के अधिकार के बारे में बताया। कहा कि ।सभी पीएलवी को ईमानदारी से अपने काम को करने को कहा की गरीबों को राशन कार्ड, जॉब कार्ड बनवाने व वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन दिलाने में लोगों को मदद करें। उन्होंने डालसा के तत्वाधान में लीगल एड डिफेंस कांउसिल न्याय रक्षक के टीम के द्वारा मंडल कारा में बंदियों के अधिकार के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि वैसे सजावार बंदियों कों चिन्हित किया जाता है। जिनका अपील अभी तक दायर नहीं किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 479 के परिपेक्ष में मोनिटरिंग कैम्प चलाया गया एवं सम्बन्धित बंदियों को नियमितरूप से विधिक सहायता पहुंचाई जाती है। संबंधित थाना में पीएलभी के माध्यम से विधिक सहायता पहुंचाई जा रही है। साथ ही समीपवर्ती लीगल एड क्लीनिक की जानकारी भी दी जा रही है। विधिक सहायता के इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन संबंधित लीगल एड क्लिनिक, प्राधिकार के कार्यालय और माननीय नालसा के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं या ।नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 पर फोन कर भी विधिक सहायता ली जा सकती है ।

## राजमहल साहिबगंज के युवा कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य स्वच्छ गंगा उत्सव स्थानीय ओझा टोली घाट साहिबगंज में रंगोली, चित्रांकन और स्लोगन लेखन का आयोजन स्वीप कोषांग साहिबगंज की ओर किया गया। कार्यक्रम में जिला के विभिन्न स्कूलों ,मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज के युवा कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।अपने कलात्मक सृजन से चित्रांकन रंगोली और स्लोगन लेखन से चुनाव आयोग के द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक 03 बरहेट अ०ज०जा० मजीद खलील अहमद डाबू, व्यय प्रेक्षक आनंदी दीक्षित ने सभी बाल व युवा कलाकारों के कला की प्रशंसा की। साथ ही छात्राओं से अपने माता-पिता परिवार को मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। सामान्य प्रेक्षक ने गंगा किनारे डॉल्फिन एवं गंगा के बारे में विस्तार से जानकारी लिया।



गंगा घाट को स्वच्छ, प्लास्टिक, पॉलिथिन, थमोकोल मुक्त डस्टबिन और गंगा जल को निर्मल के लिए अपने विचार रखें। सामान्य प्रेक्षक ने सभी को मतदाता शपथ दिलाया।स्वच्छ और निष्पक्ष नैतिक मतदान के लिए सभी को प्रेरित किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा , डॉ0 रणजीत कुमार सिंह, अमृत प्रकाश, कलाकार, स्वीप कोषांग सभी कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजः** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-बोआरीजोर मुख्य पथ के शामपुर रंगा के समीप सड़क दुर्घटना में गोड्डा, बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जामुझरना निवासी जाकिर अंसारी 45 व टंकेश्वर ठाकुर 48 बाइक से अपने घर लौटने के दौरान शामपुर रंगा के समीप ट्रैक्टर से टकरा गए। बाइक टंकेश्वर ठाकुर चला रहा था। पुलिस ने दोनों को बोरियो सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से दोनों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर इलाज के दौरान सदर अस्पताल में जाकिर हुसैन की मौत हो गई। पुलिस ने उसके परिजनों को इसकी जानकारी दी है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल दोनों रेफर

**साहिबगंज/बोरियोः** थाना क्षेत्र के बोरियो-बोआरीजोर मुख्य पथ के शामपुर रंगा के समीप सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल। मिली जानकारी के अनुसार बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जामुझरना निवासी जाकिर अंसारी 45 व टंकेश्वर ठाकुर 48 दोनों बोरियो से अपने घर जामुझरना जा रहे थे इसी दौरान शामपुर रंगा के समीप बाईक के आगे अचानक ट्रैक्टर रोकने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया जिससे बाइक चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। वही पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही घायल दोनों व्यक्ति को एएसआई विराम मरडी सहित अन्य पुलिस बल की सहायता से बोरियो सीएचसी में भर्ती किया गया जहां सीएचसी में मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सालखु चंद्र हंसदा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**जामा :** जामा के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को बूथ नंबर 223 उत्क्रमित मध्य विधालय तीनघरा में मतदाताओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान सभी मतदाताओं को पंपलेट पोस्टर के साथ शपथ दिलायी गयी और आविभावकों के साथ बैठक आयोजित कर सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी गीता टुडु ने जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओं को निष्पक्ष और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से ऊपर उठकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। और बताया कि चुनाव में नगद राशि, शराब या उपहार आदि वस्तुओं को अस्वीकार कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभायें।

## विसर्जन जुलूस देखने गये घर में हुई चोरी

**साहिबगंजः** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी झरना में रविवार की रात चोरों ने एक घर में चोरी कर ली। पीड़ित मकान मालिक दीपक गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर बताया कि रविवार की रात 7 बजे पूरे परिवार के साथ विसर्जन जुलूस देखने फाटक पर गए थे। रात 9:30 बजे जब वापस आया तो देखा कि घर के गेट का ताला टूटा हुआ है। कमरे में गोदरेज का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने गोदरेज का लॉकर तोड़ कर पत्नी के सोने का 10 ग्राम का झुमका, 5 ग्राम सोने की अंगूठी, 10 ग्राम सोने का मंगलसूत्र, 15 ग्राम सोने का चेन, 7 भर चांदी का पायल सहित लगभग 3 लाख 60 हजार रुपये के जेवरात व 25 हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। पीड़ित ने उचित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## सलमान के साथ रिलेशनशिप पर सोमी अली का खुलासा, कहा-

# मैंने उनके 8 नाइट स्टैंड से थककर इंडस्ट्री छोड़ी



सोमी अली हाल ही में अपने एक्स बॉयफ्रेंड और अभिनेता सलमान खान के साथ अपने रिश्ते पर बात करती नजर आईं। दरअसल, सोमी ने रेडिट पर हाल ही में 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने सलमान खान के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर न सिर्फ बात की, बल्कि कई आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि वे सलमान खान के साथ रिश्ते में रहते हुए मारपीट से परेशान हो गई थीं। इसके अलावा सलमान खान के 8 नाइट स्टैंड से भी थक चुकी थीं। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ऐसे नाम का जिक्र भी किया, जिसे ऐश्वर्या राय से जोड़कर देखा जा रहा है।

**'ऐश' नाम की लड़की का लिया नाम:** सोमी और सलमान खान का अफेयर 90 के दशक में सुर्खियों में रहा। सोमी ने सेशन के दौरान खुलासा किया कि 90 के दशक में सलमान खान के 'आठ वन-नाइट स्टैंड' के कारण उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था। दरअसल, एक रेडिट यूजर ने सोमी से पूछा कि उन्होंने बॉलीवुड क्यों छोड़ा? इसके जवाब में सोमी ने यह बात कही। उन्होंने कहा, 'क्योंकि मैं सलमान के सिर्फ एक नहीं बल्कि आठ वन-नाइट स्टैंड से थक गई थी। इसके अलावा, मैं रोज-रोज की मारपीट और दुर्व्यवहार नहीं बर्दाश्त कर सकती। मैंने तब छोड़ा जब मेरा बॉयफ्रेंड 'ऐश' नाम की एक नई लड़की को लेकर आया! मैं उसके वन-नाइट स्टैंड से थक चुकी थी'।

**अफेयर की वजह से प्रभावित हुआ करियर:** सोमी ने सलमान खान के साथ अपने रिश्ते और उसके करियर पर पड़ने वाले असर को लेकर भी खुलकर बात की। सोमी ने खुलासा किया कि उन्हें कई बॉलीवुड प्रस्ताव मिले हैं, लेकिन कथित तौर पर उनके एक्स बॉयफ्रेंड ने ही इसमें कई अड़चनें पैदा कीं। उन्होंने उनके कई प्रोजेक्ट्स को ब्लॉक कर दिया। सोमी ने कहा कि उन्होंने इस डर से ऐसा किया कि कहीं वह उनकी हकीकत को उजागर न कर दें।



**'एक्टिंग नहीं, सलमान पर क्रश की वजह से आई बॉलीवुड':** सोमी ने आगे कहा कि वह सलमान खान पर क्रश होने की वजह से बॉलीवुड में आईं, न कि अभिनय के लिए। सोमी ने कहा, 'ठीक है, मैं वहां एक्टिंग करने नहीं गई थी। मैं टीनएज में अपने क्रश की वजह से गई। इसीलिए अक्सर कहा जाता है कि असल जीवन में आपको अपने आदर्शों से मिलना चाहिए'।

**'सीलियर किलर में सलमान से ज्यादा तमीज':** इतना ही नहीं, सोमी अली ने अमेरिका सीरियल टेड बंडी से सलमान खान की तुलना कर दी और उसे सलमान से बेहतर बताया। सोमी ने कहा, 'यह कहना अतिशयोक्ति होगी। मुझे लगता है कि टेड बंडी में सलमान से ज्यादा तमीज थी'।

## दीपिका-रणवीर ने अपनी बेटी का नाम रखा दुआ





**बॉलीवुड** के पावर कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपनी बेटी का नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा है। दीपिका और रणवीर के आंगन में 08 सितंबर को बेटी का आगमन हुआ। वहीं अब इस कपल ने अपनी बिटिया रानी की पहली तस्वीर शेयर कर दी है। तस्वीर में दीपिका-रणवीर की नन्ही परी शाइनी रेड कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपनी बेटी के आने की खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने बेटी का नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा है। दीपिका और रणवीर के अनुसार उनकी बेटी ईश्वर द्वारा उनकी प्रार्थनाओं के जवाब में भेजा गया आशीर्वाद है। इसीलिए, दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी का नाम दुआ रखा है जिसका अर्थ है प्रार्थना या रिक्वेस्ट। रणवीर सिंह ने बेटी की पहली तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, दुआ पादुकोण सिंह। दुआः जिसका मिनिंग है एक प्रेयर क्योंकि वह हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर है। हमारे दिल प्यार और कृतज्ञता से भरे हुए हैं।



## एक्टर आयुष्मान खुराना फिल्मों में बरतते हैं ये सावधानी, कहा- 'मेरे ज्यादा फैंस बच्चे हैं'

**बॉलीवुड** अभिनेता आयुष्मान खुराना एक अभिनेता होने के साथ-साथ गायक भी हैं। उन्होंने अपनी कई फिल्मों में गानों को अपनी आवाज दी है। उन्होंने रोमांटिक से लेकर एक्शन ड्रामा तक में काम किया है। दैनिक जागरण के साथ बातचीत में थामा एक्टर ने रिवील किया है कि फिल्मों में आखिर वह किस चीज के प्रति सावधानी बरतते हैं।


पहली बार रश्मिका मंदाना संग जमेगी जोड़ीःकलाकार अपने दर्शकों को सबसे अहम मानते हैं, इसलिए उनका ध्यान रखना उनके लिए बहुत मायने रखता है। अभिनेता आयुष्मान खुराना केवल अपनी फिल्मों के विषयों के साथ ही नहीं, बल्कि अपने गानों के शब्दों के साथ भी बहुत सतर्क रहते हैं। इसकी वजह वह अपने दर्शकों को मानते हैं।

शब्दों का रखते हैं खास ध्यान : आयुष्मान खुराना कहते हैं, मेरे प्रशंसकों में बच्चों की संख्या भी काफी है। शब्दों का चयन मेरे लिए काफी मायने रखता है। फिल्म का विषय जो भी हो, लेकिन उस विषय पर बात करने का एक शालीन तरीका होता है। आपके दर्शकों पर काफी कुछ निर्भर करता है कि किस उम्र के दर्शक आपकी फिल्म को देख रहे हैं। मैं अपनी कविताएं और गाने पंजाबी व हिंदी में लिखता हूं।

आयुष्मान ने आगे कहा, कुछ और अच्छे लेखक हैं, जो शब्दों के साथ बहुत कमाल करते हैं, जैसे फिल्म दम लगाके ईसा में मोह मोह के धागे... गाना वरुण ग्रोवर ने लिखा था, वह बहुत ही अनोखा गाना रहा। उसमें हिंदी का प्रयोग बहुत ज्यादा किया गया था। कैलाश खेर के गानों में हिंदी अच्छी होती है।

## सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 ने वीकेंड पर मचाई तबाही





**बॉक्स** ऑफिस पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 का धमाल जारी है। दिवाली के मौके पर लांच हुई दोनों ही फिल्मों को बढ़िया ओपनिंग मिली है। दोनों ही फिल्मों ने कमाई के मामले में पहले वीकेंड 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। हालांकि अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन कमाई के मामले में कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 पर भारी पड़ रही है। सिंघम अगेन ने जहां पहले वीकेंड़ पर 121 करोड़ की कमाई कर डाली है तो वहीं भूल भुलैया 3 ने 106 करोड़ की कमाई की है।

बता दें कि रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, रवि किशन और जैकी श्राफ की अहम भूमिका है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार सिंघम अगेन ने भारत में ओपनिंग डे पर 43.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। तीसरे दिन फिल्म ने 35 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने तीन दिन में भारत में 121 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।वहीं, अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3, भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका निभाई है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज के तले मुराद खेतानी के साथ मिलकर फिल्म भूल भुलैया 3 को प्रोड्यूस किया है। ओपनिंग वीकेंड पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई करते हुए फिल्म भूल भुलैया 3 ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार भूल भुलैया 3 ने पहले दिन फिल्म ने 35.5 करोड़ की कमाई की। दूसरे दिन फिल्म ने 37 करोड़ और तीसरे दिन 33.5 करोड़ की कमाई की। इस तरह भूल भुलैया 3 भारत में 106 करोड़ की कमाई कर चुकी है।

## 'आई वांट टू टॉक' के ट्रेलर से पहले बिग बी ने किए सिद्धिविनायक के दर्शन?

**अभिनेता** अमिताभ बच्चन ने सोमवार को मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर और श्री बाबुलनाथ मंदिर में दर्शन किए। दिग्गज अभिनेता ने अपने टम्बलर ब्लॉग पर खुलासा किया कि उन्होंने सोमवार को इन प्रतिष्ठित मंदिरों में रहने वाले देवताओं की पूजा-अर्चना करके बिताया।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिग बी की इन आध्यात्मिक स्थलों की यात्रा अपने बेटे और बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन द्वारा अपनी नई फिल्म, आई वांट टू टॉक का पहला ट्रेलर जारी करने से एक दिन पहले किए। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर लिखा, धार्मिक दिव्यता, प्रार्थना और सर्वशक्तिमान का आशीर्वाद पाने से भरा दिन। सिद्धिविनायक के मंदिरों के दर्शन.. बाबुलनाथ और उसके बाद अपनेपन की असीम भावना.. आस्था.. हमेशा शांति और प्रेम बना रहे। यह साफ नहीं हो पाया है कि अमिताभ के साथ बच्चन परिवार का कोई अन्य सदस्य भी था या नहीं। इस बीच, अमिताभ अभिषेक की फिल्म आई वांट टू टॉक की पहली झलक ऑनलाइन जारी होने के बाद से ही उनके सबसे बड़े चीयरलीडर रहे हैं। कौन बनेगा करोड़पति के होस्ट के रूप में अपनी व्यस्त दिनचर्या चे चलते बिग बी ने फिल्म से अभिषेत के लुक के रिलीज होने पर उनकी बहुत तारीफ की थी। उन्होंने एक्स पर फिल्म का टीजर साझा करते हुए लिखा, ओह वाह! बढ़िया अभिषेक.. इस प्यार को देखने के लिए बहुत उत्सुक हूं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आई वांट टू टॉक का ट्रेलर मंगलवार, 5 नवंबर को रिलीज हो सकता है। ट्रेलर के सुबह 11 बजे रिलीज होने की संभावना है।

'आई वांट टू टॉक' अभिषेक की शूजित सरकार के साथ पहली फिल्म है। पोस्टर से पता चला है कि अभिषेक फिल्म में एक मोटी तोंद के साथ नजर आएंगे। पोस्टर में उनके पेट पर टांके लगे हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे ऐसा लग रहा है कि फिल्म में उनका किरदार सर्जरी से गुजर रहा है। अभिषेक के अलावा फिल्म में बनिता संधू और जॉनी लीवर भी हैं।

### विराट-रोहित की खराब फॉर्म पर सुनील गावस्कर ने कहा-

## कई बार किस्मत भी साथ नहीं देती



**नई दिल्ली:** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पहले दो संस्करण में टीम इंडिया फाइनल तक पहुंची, लेकिन खिताब जीतने से चूक गई। इसके बाद 2023-25 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचना भी टीम इंडिया का तय नजर आ रहा था, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ होम टेस्ट सीरीज में 0-3 से क्लीनस्वीप झेलने के बाद भारतीय टीम की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ होम टेस्ट सीरीज में कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली दोनों का ही बल्ला खामोश रहा। दोनों इन दिनों आलोचकों के निशाने पर हैं। मगर दोनों खिलाड़ियों को पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर का साथ मिला है। गावस्कर ने दोनों को डिफेंड किया है। एक इंटरव्यू में जब गावस्कर से पूछा गया कि क्या वह विराट और रोहित की फॉर्म को लेकर परेशान हैं, तो उन्होंने जवाब में कहा, यहां तक कि बेस्ट से बेस्ट खिलाड़ियों को भी बुरे दौर से गुजरना पड़ता है। कभी-कभी आपको थोड़ी किस्मत की जरूरत होती है जैसे कि आप पहली गलती करते हैं और गेंद स्टंप के पास ही जाती है। कोई कैच छोड़ता है, करीबी एलबीडब्ल्यू आपके फेवर में जाता है।

## 22 नवंबर से भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जायेगा पहला टेस्ट

### आस्ट्रेलिया में प्रैक्टिस मुकाबले के बजाय इंडिया-ए के साथ मैच जैसे अभ्यास की बनाई योजना

**नई दिल्ली:** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार मिली। अब भारतीय टीम को अगली टेस्ट सीरीज खेलने ऑस्ट्रेलिया जाना है, जहां टीम इंडिया ने प्रैक्टिस मैच ही रद्द कर दिया। इस मैच को रद्द करने की वजह कप्तान रोहित शर्मा ने बताई है। रोहित शर्मा का कहना है कि टीम इंडिया ने प्रैक्टिस मैच की बजाए एक खास तरह की प्रैक्टिस की योजना बनाई है, जिसमें बिलकुल मैच की तरह ही परिस्थितियां बनाई जाएंगी और सभी खिलाड़ियों को ज्यादा मौका मिलेगा। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में रद्द हुए प्रैक्टिस मैच पर कहा,



प्रैक्टिस मैच की बजाए हम इंडिया-ए के साथ मैच जैसी प्रैक्टिस की योजना बना रहे हैं। इस प्रैक्टिस में बल्लेबाज ज्यादा से ज्यादा वक्त पिच पर बिता पाएंगे। गेंदबाज ज्यादा से ज्यादा गेंदबाजी कर पाएंगे। हम प्रैक्टिस की बजाए इस तरह की प्रैक्टिस में ज्यादा कंफर्टेबल हैं।

वैसे रोहित शर्मा एंड कंपनी की ये रणनीति टीम को नुकसान भी पहुंचा सकती है, क्योंकि अगर इंडिया-ए के खिलाफ प्रैक्टिस मैच होता, तो खिलाड़ी उसी मानसिकता के साथ उतरते। बल्लेबाजों को पता होता कि वो आउट हो जाएंगे, तो उन्हें बाहर जाना होगा। लेकिन जिस तरह की प्रैक्टिस की बात रोहित कर रहे हैं, उससे खिलाड़ी मानसिक तौर पर रिलैक्स ही रहेंगे। टीम इंडिया के बड़े खिलाड़ियों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भी दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने सिर्फ प्रैक्टिस ही की और फिर इसका असर टेस्ट सीरीज में देखने को मिला। टीम इंडिया वो सीरीज 0-3 से हार गई।

भारत-ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से खेला जाएगा पहला टेस्टः भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज 22 नवंबर से होना है। टीम इंडिया को पहला मैच पर्थ में खेलना है। इसके बाद टीम इंडिया 30 नवंबर को प्राइम मिनिटर्स इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय वॉर्मअप मैच खेलेगी। छह दिसंबर को एडिलेड में दूसरा टेस्ट होगा। तीसरा टेस्ट ब्रिसबेन के गाबा के मैदान पर 14 दिसंबर से होगा। चौथा टेस्ट मेलबोर्न में 26 दिसंबर से शुरू होगा। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच सिडनी में तीन जनवरी को खेला जाएगा।

## आज ऑस्ट्रेलिया के लिए होंगे रवाना, दूसरा अन ऑफिशियल टेस्ट सात से

# बीजीटी से पहले इंडिया-ए से जुड़ेंगे राहुल-जुरेल


**मुंबई:** इंडिया-ए इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच इस वक्त दो मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सात नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मुकाबले के लिए बीसीसीआई ने केएल राहुल और ध्रुव जुरेल को मैच प्रैक्टिस के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला लिया। केएल राहुल को न्यूजीलैंड के साथ हुई सीरीज में केवल बंगलुरु टेस्ट में टीम में शामिल किया गया था, जिसमें उन्होंने 0 और 12 रन बनाए थे, इसके बाद उन्हें बचे हुए दो मैच में टीम से बाहर कर दिया गया था। वहीं, जुरेल ने पहले मैच में ऋषभ पंत के चोटिल हो जाने के बाद सब्स्टीट्यूट विकेटकीपर के तौर पर कीपिंग की थी। राहुल और जुरेल को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में ज्यादा गेम टाइम नहीं मिला था।





ऐसे में बीसीसीआई सिलेक्शन कमेटी ने इन दोनों प्लेयर्स को मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला किया है। वे मेलबोर्न में गुरुवार से खेले जाने वाले दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट का हिस्सा होंगे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) से पहले भारत की टीम को इंडिया-ए के साथ एक प्रैक्टिस मैच खेलना था, जिसे कैंसिल कर दिया गया है। बीजीटी के लिए भारतीय टीम दो बैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। न्यूजीलैंड से 3-0 से क्लीन स्वीप के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर सवाल पूछे जाने पर कहा, हम 19 प्लेयर्स के स्क्वॉड के साथ ट्रैवल कर रहे हैं और हमें प्रैक्टिस के लिए सिर्फ तीन दिन दिए गए हैं, ऐसे में मुझे नहीं पता की सबको मैच तैयारी के लिए कितना समय मिलेगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम– रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल,ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) , रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर। रिजर्व प्लेयर– मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद।

# कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादियों को मिल रहा बढ़ावा भारतीय राजनयिकों की निगरानी पर भी बरसे जयशंकर



मेट्रो रेज

**ओटावा :** कनाडा के ब्रैम्पटन में मंदिर पर हुए हमले का मामला तूल पकड़ रहा है। अब इसको लेकर भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा, सोमवार को एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ हुई बेहद चिंताजनक है। आधिकारिक यात्रा के दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई राजधानी कैनबरा में संवाददाताओं से कहा, कनाडा में हिंदू मंदिर में कल जो हुआ वह स्पष्ट रूप से बेहद चिंताजनक था।

चरमपंथी ताकतों को दिया जा रहा बढ़ावाः विदेश मंत्री ने कहा, कनाडा में चरमपंथी ताकतों को पॉलिटिकल स्पेस दिया जा रहा है। कनाडा की तरफ से भारतीय राजनयिकों की निगरानी रखी जा रही है, जो अस्वीकार्य है। घटना के विरोध में सोमवार को वहां हिंदू समुदाय भी सड़क पर उतर गया। इस हमले के विरोध में बड़ी संख्या में हिंदू लोग विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बंटोगे तो कटोगे और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए।

**बता दें कि यह घटना ओटावा की तरफ से कनाडा में 2023 में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या से जोड़कर छह भारतीय राजनयिकों को निष्कासित करने के कुछ सप्ताह बाद हुई।**

बता दें कि यह घटना ओटावा की तरफ से कनाडा में 2023 में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या से जोड़कर छह भारतीय राजनयिकों को निष्कासित करने के कुछ सप्ताह बाद हुई। कनाडा ने भारत सरकार पर कनाडा में दक्षिण एशियाई असंतुष्टों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने का आरोप लगाया है, जिससे नई दिल्ली इनकार करती है। इस घटना से कनाडा और भारत तथा सिख अलगाववादियों और भारतीय राजनयिकों के बीच तनाव बढ़ गया है। पिछले महीने कैनबरा में दो हिंदू मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई थी, जिसे ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारतीय समुदाय के सदस्यों के लिए परेशान करने वाला बताया था।

## न्यूज ब्रीफ



### नीतीश का विजन महाभारत के अर्जुन की तरह स्पष्टः शीला मंडल

**पटनाः** बिहार सरकार की परिवहन मंत्री शीला कुमारी मंडल सासाराम के कोचस में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहां मंत्री ने नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की। शीला मंडल ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार का विजन महाभारत के अर्जुन की तरह स्पष्ट है। उन्हें पता है कि कि लक्ष्य को भेदना है। जिसे पूरा बिहार जानती है। बिहार के विकास के लिए जिस विजन की आवश्यकता है, वह सीएम नीतीश कुमार में स्पष्ट दिखाई देता है। जिस प्रकार महाभारत में अर्जुन मछली के आंख को देख कर उसे भेद देते थे, ठीक उसी प्रकार सीएम नीतीश कुमार भी अपने विजन की ओर लक्ष्मवान है। यही कारण है कि आज बिहार चौतरफा विकास कर रहा है। शीला ने कहा कि आज बिहार में महिलाएं तथा अति पिछड़ा समाज के मुख्यधारा में शामिल होकर प्रदेश के विकास में कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। यह नीतीश कुमार की देन है। आज गरीबों के बच्चे स्कूल जा रहे हैं तथा तमाम नागरिक सुविधाओं का बिहार के लोग आनंद ले रहे हैं। यह सब नीतीश कुमार की देन है। बिहार में हो रहे उपचुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के विजन को देखते हुए सभी सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी की जीत होगी।

### बिहार के रसोइया की बल्ले-बल्ले, मिड डे मील में होने जा रहा बड़ा बदलाव



**पटनाः** बिहार के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों को अब पका-पकाया भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। शिक्षा विभाग ने पीएम पोषण योजना के तहत मध्याह्न भोजन व्यवस्थापक के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बच्चों को पका पकाया भोजन उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। इसमें रसोइया को भी अच्छा मौका दिया गया है। उन्हें व्यवस्थापक बनने का मौका दिया जाएगा। हालांकि, व्यवस्थापक बनने के लिए उन्हें सरकार की एक शर्त पूरी करनी होगी। पहले चरण में चिन्हित 10 जिलों में चयनित दो-दो पंचायत यानी कुल 20 पंचायतों के सभी विद्यालयों में प्रोजेक्ट लागू होगा। ये जिले मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया, वैशाली, पूर्वी चंपारण, पूर्णियां, भागलपुर, लखीसराय और औरंगाबाद हैं।

### प्रियंका गांधी का आरोप, भाजपा ने वायनाड भूस्खलन की घटना का किया राजनीतिकरण



**वायनाडः** कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा सीट से संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने इस साल जुलाई में हुई भूस्खलन की घटना का राजनीतिकरण किया। बता दें कि वायनाड त्रासदी में सैंकड़ों लोग मारे गए थे और कई लोगों को विस्थापित होना पड़ा था। चुनाव प्रचार के दूसरे दिन सोमवार को प्रियंका गांधी सुल्तान बाथरी विधानसभा क्षेत्र के केनिचिरा में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित कर रही थी। कहा कि जिस आपदा( भूस्खलन) से वायनाड के लोगों को भारी पीड़ा हुई, भाजपा ने उस पर भी राजनीति की। भाजपा की राजनीति की पहचान क्रोध, विभाजन और बबार्दी हैः भाजपा पर हमलावर होते हुए प्रियंका ने कहा कि पूरे देश में नफरत फैलाने वाली भाजपा की राजनीति की पहचान क्रोध, विभाजन और बबार्दी है। आरोप लगाया कि लोगों के वास्तविक मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि बेरोजगारी अब तक के उच्चतम स्तर पर है।कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिनके रुकने का कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं। कहा कि भाजपा की राजनीति इन मुद्दों को हल करने पर केंद्रित नहीं है। भाजपा की राजनीति का उद्देश्य पूरी तरह से आपका अपनी समस्याओं से ध्यान भटकाना है। भाजपा का एकमात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है। भले ही इसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। प्रियंका गांधी ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार पर भूस्खलन से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आवश्यक सहायता राशि देने में विफल रहने का आरोप लगाया।

**मैं आपके मुद्दों को हर जगह उठाऊंगी। मैं आपके लिए लड़ूंगी :** प्रियंका गांधी ने कहा, यदि आप मुझे संसद में अपना प्रतिनिधित्व करने का मौका देते हैं, तो मैं आपको दिखाऊंगी कि आपके लिए किसी और की तुलना में मैं अधिक मेहनत कर सकती हूं। मैं आपके मुद्दों को हर जगह उठाऊंगी। मैं आपके लिए लड़ूंगी और राज्य और केंद्र दोनों सरकारों पर दबाव डालूंगी। बता दें कि राहुल गांधी ने इस साल हुए आम चुनाव में वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली दोनों लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। बाद में उन्होंने वायनाड सीट छोड़ दी जिसकी वजह से इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है।


### जिले में खुलेंगी 18 नई फैक्ट्री, 10 हजार लोगों को मिलेगा सीधा रोजगार

**मुजफ्फरपुरः** जिले में 73.76 करोड़ रुपए खर्च होकर 18 नई फैक्ट्रियां खुलेंगी। इन फैक्ट्रियों से करीब 10 हजार लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा। बता दें, बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड ने जिले में डेढ़ दर्जन नई औद्योगिक इकाइयों को मंजूरी दी है। नई फैक्ट्रियां जिले के बेला और मोतीपुर औद्योगिक क्षेत्र के अलावा जिले के अलग-अलग ग्रामीण इलाकों में खुलेंगी। जानकारी के अनुसार, इन फैक्ट्रियों में मुर्गी दाना, पीवीसी पाइप, टेक्सटाइल, सफेद ईंट और अलमारी जैसे शामिल हैं। बीते दिनों विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में पटना में हुई राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक में औद्योगिक इलाकों के प्रस्तावों पर बातचीत हुई। इस बैठक में राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड ने जिले को 18 नए प्रस्तावों को मंजूरी दी है। जल्द ही इन नई फैक्ट्रियों का ढांचा अलग-अलग इलाकों में तैयार किया जाएगा। इन जगहों पर खुलेंगी फैक्ट्रियांः जानकारी के अनुसार, कांटी में सफेद ईंट और बोचहां में मिनरल वाटर का यूनिट लगेगा। मोतीपुर औद्योगिक क्षेत्र में 8.93 करोड़ की लागत से मुर्गी दाना का यूनिट लगाया जाएगा। वहीं पताही में स्टील की अलमारी, गायघाट, बोचहां और भिखनपुर में वेयर हाउस का निर्माण होगा।

## 13 साल में 40 प्रतिशत तक बढ़ा ग्लेशियर झीलों का आकार, फटने पर मचेगी तबाही

### उत्तराखंड सहित 5 राज्यों में बड़ा खतरा





**देहरादून :** जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। ग्लेशियर झीलों का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर झीलों में 13 साल के अंतराल में 33.17 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। उत्तराखंड समेत पांच राज्यों में हालात और चिंताजनक नजर आ रहे हैं। यहां ग्लेशियर झीलों का आकार 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। यह खुलासा केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) (सीडब्ल्यूसी) की ताजा रिपोर्ट में हुआ है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने हिमालयी ग्लेशियर झीलों के क्षेत्रफल में बदलाव के आकलन के लिए वर्ष 2011 से सितंबर 2024 तक की स्थिति का अध्ययन किया। इसमें पता चला कि भारत में ग्लेशियर झीलों का क्षेत्रफल 1,962 हेक्टेयर था, जो सितंबर 2024 में बढ़कर 2,623 हेक्टेयर हो गया है। यह बढ़ोतरी 33.7 प्रतिशत दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्लेशियर झीलों का दायरा बढ़ने के साथ ही दूसरे जल निकायों में भी पानी की मात्रा बढ़ रही है। वर्ष 2011 में ग्लेशियर झीलों समेत अन्य जल निकायों का कुल क्षेत्रफल 4.33 लाख हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 10.81 प्रतिशत बढ़कर 5.91 लाख हेक्टेयर हो गया है। उच्च जोखिम वाली ग्लेशियर झीलों से निचले क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बाढ़ का खतरा सीमा पार भूटान, नेपाल और चीन जैसे पड़ोसी देशों में भी नजर आता है। पिछले साल इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) ने एक रिपोर्ट में अहम खुलासा किया था। इसमें यह सामने आया कि 2011 से 2020 तक ग्लेशियर पिघलने की रफ्तार 2000 से 2010 की तुलना में 65% अधिक रही है। ग्लेशियर पिघलने की यह रफ्तार बेहद चिंताजनक है। इसकी वजह यह है कि हिमालय लगभग 165 करोड़ लोगों के लिए अहम जल स्रोत है। अगर यही रफ्तार रही तो सदी के अंत तक ग्लेशियर 80 प्रतिशत तक खत्म हो सकते हैं।

## वक्फ बोर्ड ने ऐतिहासिक स्मारकों पर ठोका दावा, एएसआई ने दी प्रतिक्रिया




**नई दिल्लीः** वक्फ बोर्ड इन दिनों चर्चा में है और वक्फ की संपत्ति को लेकर राजनीतिक गलियारों में जमकर विवाद देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में अब वक्फ बोर्ड ने विश्व विरासत घोषित हो चुके ऐतिहासिक स्मारकों पर भी अपना दावा ठोका है। वक्फ बोर्ड ने राज्य के 43 ऐतिहासिक स्मारकों पर दावा ठोका है। इसमें गोल गुम्बज, इब्राहिम रौजा, बारा कमान और बीदर व कलबुर्गी शामिल हैं।

इन 53 स्मारकों में से 43 विजयपुरा में हैं। विजयपुरा वक्फ बोर्ड ने 2005 में 43 स्मारकों पर अपना दावा ठोक दिया था। इन ऐतिहासिक स्मारकों का मालिकाना हक वक्फ बोर्ड के पास नहीं है। नियमों के मुताबिक, एक बार जब किसी भी ऐतिहासिक स्मारक का मालिकाना हक एएसआई अपने अधिकार क्षेत्र में ले लेता है, तो उसे किसी को दूसरे को नहीं भेजा जा सकता है। ऐसी स्थिति में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर किस आधार पर वक्फ बोर्ड इन संपत्तियों पर अपना दावा ठोक रहा है। एएसआई के अधिकारी के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। इसके लिए सीमेंट और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि उसकी मूल पहचान को बदला जा सके। लेकिन, एएसआई ने स्पष्ट कर दिया है कि इस छेड़छाड़ को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों में पंखे, एसी, ट्यूबलाइट और टॉयलेट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि इसकी मूल पहचान को बदला जा सकें। इनमें से कुछ ऐतिहासिक स्मारकों में दुकानें भी बन चुकी है। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को भी खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले वक्फ बोर्ड ने किसानों की जमीन पर भी दावा ठोका था, जिसे देखते हुए किसानों ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के संबंध में बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखा था। इस पत्र में किसानों ने बैठक में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी, ताकि वो भी अपना मत खुले दिल से रख सके।

## नाबालिग का शव मिलने से सदमे में परिवार, हत्या की आशंका

**समस्तीपुरः** जिले में एक नाबालिग की हत्या कर दी गई है। सोमवार की सुबह नाबालिग का शव खेत से मिला। जिसके बाद गांव में मातम सा छा गया। आशंका जताई जा रही है कि रेप के बाद उसकी हत्या की गई है। दरअसल रविवार के शाम से किशोरी घर से लापता थी। देर रात तक जब वह घर नहीं आई, तो उसके घर वालों ने उसे ढूढंने की कोशिश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। जिसके बाद पिता ने लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पिता का कहना है कि पुराने जमीन विवाद के कारण उनकी बेटी की हत्या हुई है। पुलिस ने मृतका की डेड बॉडी को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, नाबालिग के गले पर गहरे काले रंग के निशान मौजूद थे। फिलहाल अभी पुलिस इस मामले में अलग-अलग एंगल से जांच-पड़ताल कर रही है।

### भारत-ऑस्ट्रेलियाः पीएम मोदी का वादा पूरा


## ब्रिसबेन में नए वाणिज्य दूतावास का विदेश मंत्री ने किया उद्घाटन

**ब्रिस्बेन :** विदेश मंत्री एस। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। जयशंकर दो देशों की यात्रा पर हैं। वह सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे और आठ नवंबर को सिंगापुर जाएंगे।

जयशंकर ने लिखा, आज ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक रूप से उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। यह क्वींसलैंड स्टेट के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार, शैक्षिक संबंधों को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा।

उद्घाटन समारोह में क्वींसलैंड के गवर्नर डॉ। जीनेट यंग और मंत्री रोस बेट्स और फियोना सिम्पसन सहित प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। एक अलग बैठक में, जयशंकर ने गवर्नर यंग के साथ आर्थिक, व्यापार और निवेश सहयोग पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने पोस्ट किया, आज ब्रिस्बेन में क्वींसलैंड की गवर्नर महामहिम डॉ। जीनेट यंग से मिलकर प्रसन्नता हुई। क्वींसलैंड राज्य के साथ आर्थिक, व्यापार और निवेश सहयोग को मजबूत करने के अवसरों और तरीकों पर चर्चा हुई।



इससे पहले जयशंकर ने ब्रिसबेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

विदेश मंत्री ने रविवार को भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को मजबूत बनाने के लिए चार प्रमुख कारकों का जिक्र किया।

विदेश मंत्री ने कहा, इसके (भारत-ऑस्ट्रेलिया के मजबूत रिश्ते) चार कारण हैं झ प्रधानमंत्री मोदी, ऑस्ट्रेलिया, विश्व और आप सभी।

इस दौरान उन्होंने कहा, आपकी मौजूदगी, कोशिश और योगदान से यह वाणिज्य दूतावास संभव हो पाया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सार्वजनिक रूप से किए गए उस वादे को पूरा करने आया हूं कि वह ब्रिस्बेन में वाणिज्य दूतावास खोलेंगे।

क्वींसलैंड में रहने वाले 125,000 भारतीए, जिनमें 15,000-16,000 छात्र शामिल हैं, का जिक्र करते हुए जयशंकर ने भारत के लिए राज्य के आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत को ऑस्ट्रेलिया का 75 प्रतिशत निर्यात वास्तव में इसी राज्य से आता है। ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा के बाद, विदेश मंत्री जयशंकर 8 नवंबर को सिंगापुर जाएंगे, जहां वे आसियान-भारत थिंक टैंक नेटवर्क के 8वें गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे।

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि वे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ साझेदारी की समीक्षा करने और द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के अवसरों की तलाश में सिंगापुर के नेतृत्व से भी मिलेंगे।

### आनलाइन शापिंग का बढ़ा ट्रेंड

## त्योहारी सीजन में ई-कॉमर्स साइट्स पर एक लाख करोड़ रुपये की बिक्री



**नई दिल्ली :** भारत के छोटे शहरों और कस्बों में निजी खपत और मांग बढ़ने के साथ त्योहारी सीजन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए शानदार रहा। रिपोर्ट के अनुसार, प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते ट्रेंड के साथ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने महीने भर चलने वाले त्योहारी सीजन में सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक दर्ज किया है।

उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, यह देश में प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर पिछले साल की त्योहारी बिक्री से 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। 26 सितंबर से शुरू हुई त्योहारी बिक्री के पहले सप्ताह में अकेले 55,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जो कुल बिक्री का लगभग आधा है। ई-कॉमर्स कंसल्टेंसी डेटम इंटेलिजेंस ने इस त्योहारी सीजन में बिक्री में 23 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन कैटेगरी में तेजी आई, जबकि अन्य कैटेगरी जैसे ब्यूटी और पर्सनल केयर, होम और क्विक कॉमर्स लेड ग्रॉसरी में सामान्य रूप से बेहतर कारोबार (बीएयू) प्रदर्शन रहा। क्विक कॉमर्स ने 2023 से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस बार क्विक कॉमर्स ने समग्र ई-कॉमर्स वृद्धि में लगभग 8 प्रतिशत का योगदान दिया है, जो कि पिछले साल 5 प्रतिशत था। त्योहारी सीजन के दौरान स्मार्टफोन की बिक्री सबसे ज्यादा रही, ऑनलाइन बिक्री से स्मार्टफोन की खरीद में करीब 65 फीसदी की हिस्सेदारी रही। प्रीमियम ब्रांड की मांग में उछाल आया। टियर 2 और उससे आगे के शहरों ने अमेजन के लिए प्रीमियम स्मार्टफोन की बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया। 85 प्रतिशत से अधिक ग्राहक गैर-मेट्रो शहरों से आए और 50 प्रतिशत से अधिक टीवी खरीदारी टियर 2 और 3 शहरों से हुई।

हजारीबाग के बड़कागांव यूपी सीएम की चुनावी सभा

# बुलडोजर से योगी आदित्यनाथ का स्वागत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के बड़का गांव में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत अनोखे ढंग से किया जाएगा। यहां एक दर्जन से अधिक बुलडोजर कार्यक्रम स्थल में लगाए गए हैं जो पूरे कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र बिंदु बन गए हैं।

दरअसल योगी आदित्यनाथ को बुलडोजर बाबा के नाम से भी लोग पुकारते हैं। उन्हें आकर्षित करने के लिए एक दर्जन बुलडोजर कार्यक्रम स्थल के ठीक बगल में लगाए गए हैं। चालक भी कहते हैं कि अगर योगी आए और बुलडोजर का जिक्र ना हो तो कार्यक्रम फीका है।

हजारीबाग का बड़कागांव आज के समय में हॉटसीट के रूप में जाना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की साख दांव पर लगी हुई है। रोशन लाल चौधरी आजसू से भाजपा का दामन थाम कर यहां चुनावी मैदान में हैं। इस सीट को जीतना भारतीय जनता पार्टी के लिए बेहद जरूरी है। इसीलिए योगी आदित्यनाथ को भी बुलाया गया है ताकि वह स्थानीय लोगों में जोश भर सकें। योगी आदित्यनाथ बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे।

यहां उनके स्वागत में एक दर्जन से अधिक बुलडोजर लगाए गए हैं ताकि बाबा का ध्यान आकर्षित हो सके। बुलडोजर के चालकों का भी मानना है जहां- जहां योगी जायें वहां-वहां बुलडोजर होना चाहिए।

वहीं भारतीय जनता पार्टी के समर्थक भी कहते हैं कि बाबा हो और बुलडोजर ना हो तो मजा नहीं है। जिस तरह से यूपी में बुलडोजर चला है ठीक उसी तरह झारखंड में भी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बुलडोजर चलना चाहिए। स्थानीय का यह भी कहना है कि एक तरह से यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बडका गांव की जनता की मांग है।



## न्यूज ब्रीफ

### छठ पूजा और शारदा सिन्हा



बिनय मिश्रा : बात करें तो छठ पूजा में शारदा सिन्हा के गीतों से गुंजायमान होता है छठ घाट, लेकिन इसी बीच से खबर आ रही है कि शारदा सिन्हा इस वक्त वेंटिलेटर पर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शारदा सिन्हा का कुशलक्षेम जाना और उनके बेटे आयुष्मान से बातचीत की।

### अंबर लकड़ा बने देवघर के नए एसपी



देवघर के पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग को विधानसभा चुनाव से हटाने के आदेश के पश्चात देवघर के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में अंबर लकड़ा को पदस्थापित किया गया है, श्री लकड़ा वर्तमान समय में जैप गोविंदपुर में पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित थे और भारतीय पुलिस सेवा 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व श्री लकड़ा जिला में पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं।

### घरेलू विवाद में युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**मांडर/बुढ़मू :** सोमवार को बुढ़मू थाना क्षेत्र के चांया मुर्गी गांव में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के बाद आत्मदाह का प्रयास किया। रामगढ़ थाना क्षेत्र के जयनगर के रहने वाले 26 वर्षीय आफताब अंसारी अपनी पत्नी को ससुराल से विदा कराने के लिए आया था। परिवार के सूत्रों के अनुसार, आफताब और उसकी पत्नी के बीच किसी बात पर बहस हो गई, जिसके बाद गुस्से में आकर उसने खुद पर केरोसिन डालकर आग लगा ली।

आफताब गंभीर रूप से झुलस गया, और उसकी स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां, डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

यह घटना परिवार में विवादों के कारण बढ़ते तनाव और इसके गंभीर परिणामों को उजागर करती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है।

### कद्दू, भात का प्रसाद ग्रहण कर शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व

**सरायकेला :** मंगलवार को नदी में स्नान ध्यान कर छठ व्रतियों ने कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण कर चार दिवसीय छठ महापर्व का शुभारंभ किया। आज सुबह से ही खरकई नदी में छठ व्रती स्नान करने पहुंची थीं। जिससे नदी तट पर व्रतियों का मेला लग गया था। स्नान ध्यान के बाद सभी व्रतियों ने पवित्रता से घर जाकर प्रसाद बनाया और छठी मईया का आवाहन कर व्रत की शुरूआत की।

27 वर्षों से छठ का व्रत कर रही पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने बताया कि यह व्रत उन्होंने तब शुरू की थी जब उन्हें कोई संतान नहीं थी। जिसके बाद उन्होंने छठ का व्रत करना शुरू किया आज उन्हें दो संतान हैं और शारीरिक रूप से स्वस्थ भी हैं। आस्था के साथ वह छठ पूजा कर रहीं हैं।

### मेघाहातुबुरु में बीएसएनएल के स्टोर रूम से 60-70 मीटर तांबे का तार व अन्य सामान की चोरी

**चाईबासा :** मेघाहातुबुरु स्थित बीएसएनएल के स्टोर रूम के पीछे की खिड़की तोड़कर चोर स्टोर से लगभग 60-70 मीटर तांबे के केबल तार चुरा ले गए। वहीं चोर बाहर लगे एयर कंडिशनर की मशीन को तोड़कर उसके तांबा क्वायल और अन्य समान भी साथ ले गए। घटना 4-5 नवंबर की मध्य रात्रि की बताई जा रही है। चोरी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

बीएसएनएल कार्यालय के पदाधिकारी शमशाद ने मंगलवार को बताया की यह घटना बीती रात की है। इससे पहले भी अनेक बार चोरों ने इस कार्यालय व स्टोर के अलावे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिछा केबल व अन्य सामान की चोरी की है। चोर बीएसएनएल को विशेष रूप से निशाना बना रहे हैं जो दुःखद है। इससे शहर की संचार सुविधाएं प्रभावित होगी जिससे आम जनता, छात्र-छात्राएं आदि सभी प्रभावित होंगे।

### ग्राम रक्षा समिति का गठन, रमेश हंसदा को बनाया गया अध्यक्ष

**जमशेदपुर :** छोटानागरा गांव के धर्मरगुटू टोला स्थित चबूतरा में आज सुबह माझी निर्मल हंसदा की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम रक्षा समिति का गठन किया गया। छोटानागरा पंचायत के उप मुखिया रमेश हंसदा को ग्राम रक्षा समिति का अध्यक्ष और मोहन हंसदा को सचिव बनाया गया। वहीं गोपाल टुडू, सुहागी मुर्मू और सीता हंसदा को कमिटी का चुना गया है। कमिटी के सचिव मोहन हंसदा ने बताया कि ग्राम रक्षा समिति का गठन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को अंधविश्वास, डायन प्रथा, घरेलू व तमाम प्रकार की हिंसा, बाल मजदूरी, बाल विवाह सहित सभी प्रकार की कुरीतियों से मुक्त करना है। ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के महत्व को बताना भी है। वहीं मलेरिया से हो रही मौतें से कैसे बचा जा सकता है, इसको लेकर भी लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं होती है। इसकी वजह से वह योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देना और संविधान व न्यायायिक नियम-कानूनों के बारे में बताकर एक आदर्श गांव बनाने की दिशा में कार्य करना है। इस दौरान दर्जनों महिलाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

### बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, 100 लीटर अवैध देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सरायकेला :** विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को नीमडीह थाना की पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर रघुनाथपुर में चलाए गए औचक वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल से करीब 100 लीटर अवैध देसी शराब ले जाते हुए पकड़ा। पुलिस ने अवैध देसी शराब को जब्त करते हुए मोटरसाइकिल से शराब ले जाने वाले नीमडीह थाना क्षेत्र के जुगीलोंग निवासी नकुल गोप को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया। इस संबंध में नीमडीह थाना में उत्पाद अधिनियम में मामला दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## चाँदमारी स्थित न्यू कॉलोनी में भोलेनाथ की हुयी विशेष पूजा और आरती



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चाँदमारी स्थित न्यू कॉलोनी में नव निर्मित भोलेनाथ के मंदिर में यूँ तो प्रतिदिन सुबह शाम भक्तजनों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है किन्तु सोमवार के दिन सुबह पूजा अर्चना के पश्चात शाम को संध्या आरती मंदिर के पूजारी अविनाश मिश्रा के द्वारा विशेष रूप से की जाती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा व्यवसायी और समाज सेवी बिनोद जायसवाल भी उपस्थित रहते हैं। यही नहीं भोलेनाथ की पूजा अर्चना और विशेष आरती के समय लोगों की उपस्थिति भी देखते ही बनती है। श्री जायसवाल बताते हैं कि न्यू कॉलोनी चांदमारी में जनसमूह और लोगों की इच्छा के अनुरूप भोलेनाथ के मंदिर का निर्माण कराया गया और न्यू कॉलोनी में भोलेनाथ की मंदिर एक ही रहने के कारण काफी संख्या में भक्तजन और श्रद्धालु पूजा अर्चना हेतु आते हैं और संध्या बेला में आरती के समय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है और मंदिर परिसर में काफी अलौकिक दृश्य दिखाई पड़ता है। विशेष पूजा और आरती काफी मनमोहक होता है।

## मांडर में भाजपा की चुनावी तैयारी शिवराज सिंह ने दिया जीत का मंत्र

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चान्हो।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए मांडर विधानसभा के चान्हो प्रखंड के बिजुपाडा में केंद्रीय मंत्री और विधानसभा प्रभारी शिवराज सिंह ने सोमवार को भाजपा कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। इस बैठक में शिवराज सिंह ने झारखंड की अस्मिता, स्वाभिमान और इस भूमि की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के संकल्प का आह्वान किया। उन्होंने इसे वीर बिरसा मुंडा और अन्य वीर सपूतों की धरती के सम्मान को बनाए रखने का चुनाव बताया और कार्यकताओं को क्षेत्र में ₹कमल₹ खिलाने के लिए एकजुटता के साथ काम करने का संदेश दिया।

बैठक में चुनाव प्रभारी रिपु सुदन साहू, प्रवासी प्रभारी डॉ. खेलावन साहू, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, मंडल अध्यक्ष और अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। बैठक के दौरान शिवराज सिंह ने कार्यकताओं को चुनावी सफलता के लिए जरूरी रणनीतियों पर चर्चा करते हुए उनसे भाजपा के प्रति जनसमर्थन मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मांडर में भाजपा की जीत केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं होगी, बल्कि यह झारखंड की पहचान और सम्मान की रक्षा की ओर एक कदम होगी।

इस प्रेरणादायक बैठक के बाद कार्यकताओं ने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने और क्षेत्र में जनसमर्थन बढ़ाने का संकल्प लिया।



## लूथरन उच्च विद्यालय चैनपुर में नियुक्ति विवाद आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन स्थानीय लोगों का पुरजोर विरोध

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चैनपुर:** लूथरन उच्च विद्यालय चैनपुर में नागरिक शास्त्र विषय के शिक्षक की नियुक्ति विवादों में घिर गई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव पा. नवीन निरेन बेक ने अपने साथी पा. वेलस लकड़ा की पत्नी रोशनी लकड़ा को नियुक्ति प्रक्रिया को ताक में रखते हुए और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए नियुक्ति दे दी।

इस नियुक्ति को लेकर पहले भी काफी बवाल हो चुका है और स्थानीय लोगों ने इसकी लिखित प्रति गुमला के उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, और अनुमंडल पदाधिकारी को दी थी। काफी दिनों तक नियुक्ति प्रक्रिया को रोक दिया गया था। जिसके बाद प्रबंधन समिति के मिलीभगत से आदर्श आचार संहिता के दौरान मनचाहे कैंडिडेट को जोइनिंग करा दिया गया।

**स्थानीय लोगों का पुरजोर विरोध**

स्थानीय लोग इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पा. वेलस लकड़ा ने अपना तबादला गुमला करा लिया और उसके बाद चार माह में ही नियुक्ति प्रक्रिया कर अपनी पत्नी को चयनित करा दिया गया। यह पूरी प्रक्रिया आदर्श आचार संहिता के विरुद्ध है।

**नियुक्ति रद्द करने की मांग, जांच की मांग**

इस मामले में स्थानीय लोगों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी बात रखी है और नियुक्ति को रद्द करने की मांग की है। मामले की जांच की मांग भी की गई है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**सड़क पर उतरने की चेतावनी**

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में न्याय नहीं होता है, तो वे सड़क पर उतरकर इसका विरोध करेंगे।

## प्रधानमंत्री कोल्हान के भाजपा प्रत्याशियों का मनोबल और उत्साह बढ़ा गये





**ज्योति पाठक**

**चाईबासा:** विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में कोल्हान के कुल चैदह सीटों पर मतदान होना है और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोल्हान प्रमण्डल मुख्यालय चाईबासा के टाटा कॉलेज के मैदान परिसर में पश्चिम सिंहभूम के पांच और सरायकेला-खरसवां जिला के तीन कुल आठ विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों के पक्ष में विजय संकल्प सभा में चक्रधरपुर, जगन्नाथपुर, मझगांव, चाईबासा, मनोहरपुर तथा ईचागढ़, खरसवां और सरायकेला के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर गयें। पश्चिम सिंहभूम सरायकेला के सात भाजपा प्रत्याशियों एवं मनोहरपुर में गठबंधन आजसू के प्रत्याशी को जिताने का आहवाहन किया। स्थानीय टाटा कॉलेज मैदान में आयोजित इस विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने झारखण्ड में भाजपा और गठबंधन की सरकार बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान कर तथा सहयोगी दल के उम्मीदवार को विधानसभा भेजने के लिए आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी प्रत्याशी जनअपेक्षा पर पूर्ण रूप से उनके आकांक्षा को पूर्ण करेंगे। विकास जो अवरूद्ध है उसे भरपुर गति देंगे। विशाल जनसभा में उमड़ी भीड़ से प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखण्ड की जनता भाजपा और उसके सहयोगी दल से विकास की उम्मीद लगा रखी है और इसे मुर्त रूप देने के लिए भाजपा कटिबद्ध है। इसलिए झारखण्ड में आगामी 13 और 20 नवम्बर को दो चरणों में मतदान होना है और वे भाजपा और सहयोगी दल को जीताकर सरकार बनाने में अपनी सहभागिता निभायें। इस अवसर पर सभी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार उपस्थित थें।

### डुमरिया बाजार में शत प्रतिशत मतदान के लिए वोटरों को किया जागरूक

जमशेदपुर : डुमरिया बाजार में सोमवार को मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर बैठक की गई। बैठक के उपरांत मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर लोगों से शत प्रतिशत मतदान का आग्रह किया गया।

बैठक में विद्यार्थी परिषद के सह संयोजक सिद्धार्थ बागी ने शत प्रतिशत मतदान के लिए अपने छात्र साथियों से हर घर जाकर जागरुकता अभियान चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदाता बूथों पर जाकर अपनी सरकार को चुनें। इसके लिए शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है। मौके पर अमरजीत महापात्रा, प्रेम सरदार, कालिदास हेंब्रम, विवेश गिरि, रोहन राऊत, बद्रीनाथ मदीना आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## झारखंड में नहीं गलेगी भाजपा की दाल : कल्पना सोरेन



**हजारीबाग:** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग के बरकट्ठा में सरगर्मी तेज हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बरकट्ठा में कल्पना सोरेन ने चुनावी हुंकार भरी। इस दौरान जमकर बीजेपी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा तो दूसरी ओर अपनी प्राथमिकता भी बताईं।

हजारीबाग जिले के बरकट्ठा बांडासिंघा में आयोजित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के पक्ष में गांडेय की विधायक सह झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने जनसभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि जब झारखंड अलग हुआ था उस समय 27 प्रतिशत आरक्षण था लेकिन भाजपा वालो ने घटा कर 14 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत की सरकार को भाजपा ने हर समय तबाह करने का काम किया। अगर हेमंत पांच साल तक स्थिरता की शासन में रहते तो झारखंड में कमल खिलना मुश्किल हो जाता। इसका एहसास भाजपा को हो गया था इसलिए सरकार को हरसमय केंद्र सरकार ने अस्थिर करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने 20 लाख हरा राशनकार्ड, सरकारी स्कूलों में आधुनिक शिक्षा की सुविधा बढ़ाई, बच्चियों को सावित्री बाई फुले योजना से जोड़ा गया। विदेश में पढ़ने वाले छात्र को भी दिया, आवास योजना का पैसा केंद्र ने बंद कर दिया, 40 लाख लोगों को सर्वजन पेंशन, भाजपा सरकार ने 13 लाख लोंगो को दिया। 55 लाख बहन बेटियों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया। पिछली भाजपा की रघुवर सरकार स्कूलों को बंद कर रहे थे। कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लड़ाई लड़ रहे हैं। राज्य का पैसा एक लाख 36 हजार करोड़ केंद्र सरकार नहीं दे रही है। केंद्र की मोदी सरकार से अपना पैसा मांग रहें हैं, हम कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। झारखंड की खनिज संपदा झारखंड के साथ भाजपा ने भेदभाव किया है। हम अपनी हक की लड़ाई लड़ रहे है। केंद्र ने पीएम आवास बंद कर दिया। हेमंत सरकार ने तीन कमरों का अबुआ आवास योजना दिया।